26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 24 जून , 2026
अंक- 240 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पानी को तरसा पाकिस्तान

## LOC पर 35 ड्रोन यूनिट तैनात

**इस्लामाबाद ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत ने सिंधु नदी का पानी रोक कर पाकिस्तान को तरसा दिया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में छेड़े 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सिंधु का पानी रोकने से पाक की कमर टूट गई है। पानी के लिए अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में भी मुंह की खाने के बाद पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ जंग छेड़ने की भभकियां दे रहे हैं। वहीं, जंग का मंसूबा पाले आर्मी चीफ आसिम मुनीर साजिश रचने में जुटे हैं। नियंत्रण रेखा यानी LoC पर पाक सेना की 8 ब्रिगेड ने 35 एंटी ड्रोन यूनिट तैनात की हैं। पाक ने एआई फेंसिंग भी की है। इसके तहत टारगेटिंग और सर्विलांस को तेज किया गया है। पाकिस्तान ने हाल में इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और काउंटर ड्रोन ग्रिड भी तैयार किया है। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से जुड़ी अपनी सीमाओं से 5 बटालियन को इस महीने की शुरुआत में ही मूव कराकर एलओसी के रावलाकोट, कोटली और भीम्बर सेक्टर में तैनात किया है।

श्रद्धांजलि

अन्तकाले च मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम्।
यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः॥
(गीता 8-5)

भावार्थः जो पुरुष अन्तकाल में मुझको ही स्मरण करता हुआ शरीर को त्याग कर जाता है, वह मेरे साक्षात् स्वरूप को प्राप्त होता है - इसमें कुछ संशय नहीं है।



दशम पुण्यतिथि
**श्री संजय स्वरूप बंसल जी**
(13 नवम्बर 1959 - 24 जून 2016)

आपकी याद में

श्रीमती नीता स्वरूप (धर्मपत्नी)
वसुन्धरा-राघव स्वरूप (पुत्रवधू-पुत्र)
गरिमा-नितिन अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
(आबकारी मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार)
आंचल-सचिन अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
इनाया, अनाहिता, मिशिका (नातिन) आदिदेव, वंश (नाती)
केर्वी, स्वस्ति, वेदा (पौत्री) एवं समस्त स्वरूप परिवार

प्रतिष्ठान
श्री संजय स्वरूप स्मृति ट्रस्ट, कामाख्या स्टील्स प्रा. लि.
मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, अमरोहा ग्लास फैक्ट्री प्रा. लि.
स्वरूप रोलिंग मिल्स, कृष्णा फार्म, एका वुडवर्क्स फाउंडेशन

निवास :- कामाख्या स्टील्स प्रा. लि., 2 कि.मी. नजीबाबाद रोड, बिजनौर उ.प्र.
सम्पर्क सूत्र : 9690355555, 9412216650

# एअर इंडिया का विमान पाक एयरस्पेस में घुसा

**अमृतसर ( एजेंसी/चिंगारी )।** दिल्ली से अमृतसर आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-479 तकनीकी गड़बड़ी के बाद अपने निर्धारित मार्ग से हटकर पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में पहुंच गई। पाकिस्तान की एयर ट्रैफिक कंट्रोल एजेंसी की ओर से सूचना मिलने के बाद विमान का रूट बदला गया और उसे भारतीय हवाई क्षेत्र में वापस लाया गया। जिसके बाद विमान को वापिस दिल्ली की ओर डायवर्ट कर दिया गया। जानकारी के अनुसार एयरबस ए-321 विमान दिल्ली से अमृतसर के लिए रवाना हुआ था। उड़ान के दौरान तकनीकी समस्या आने के कारण विमान का मार्ग प्रभावित हुआ और वह निर्धारित एयर कॉरिडोर से हट गया। विमान कुछ समय के लिए पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में पहुंच गया, जिसके बाद पाकिस्तान एयर ट्रैफिक कंट्रोल एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित किया गया।

**पाकिस्तान ने चेतावनी देकर लौटाया**

## यूपी में बड़ा एक्शन :कई नामी कोचिंग सील

राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग संस्थान में हुए दर्दनाक अग्निकांड ने सभी को झकझोर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बाद प्रदेशभर में कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों, होटल, लाइब्रेरी और बहुमंजिला इमारतों की सुरक्षा जांच का व्यापक अभियान शुरू कर दिया गया है। शुरुआती जांच में फायर सेफ्टी, इमरजेंसी एग्जिट, भवन मानकों और पंजीकरण से जुड़ी गंभीर खामियां सामने आई हैं। कई जिलों में कोचिंग संस्थानों को सील किया गया है, जबकि सैकड़ों संस्थान जांच के दायरे में हैं।



# गर्म राख ने छीन ली मासूम मुस्कान

## झुलसे पांच बच्चों में से शाद की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

### तीन बच्चों की हालत अब भी गंभीर, आर्थिक तंगी बनी बेहतर इलाज में बड़ी बाधा

**बिजनौर (चिंगारी)।** शुगर मिल की गर्म राख में झुलसे पांच मासूम बच्चों में से एक बच्चे की मौत ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया। करीब डेढ़ महीने से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे 13 वर्षीय शाद ने मंगलवार देर रात मेरठ मेडिकल कॉलेज में अंतिम सांस ली। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मोहल्ले में मातम छा गया। शाद की मौत ने उन परिवारों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है, जिनके बच्चे अभी भी गंभीर हालत में उपचाराधीन हैं।

### आम खाने गए थे बच्चे, गर्म राख ने बदल दी जिंदगी

गत एक मई को स्थानीय मोहल्ला लड्डूपुरा और चाहशीरी के छह-सात बच्चे नूरपुर रोड स्थित चक्कर चौराहे के पास एक बाग में आम खाने गए थे। बच्चों की मस्ती और खेल-कूद के बीच किसी को अंदाजा नहीं था कि वहां पड़ी शुगर मिल की गर्म राख उनकी जिंदगी पर इतना बड़ा कहर बनकर टूट पड़ेगी। इसी दौरान शाद (13 वर्ष) पुत्र दिलशाद, उज़ैद (12 वर्ष) पुत्र रशीद, रिहान (13 वर्ष) पुत्र इमरान, साहिल (12 वर्ष) पुत्र वसीम तथा बिलाल (12 वर्ष) पुत्र निसार गर्म राख की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई थी, जबकि प्रशासनिक अमले में भी हड़कंप मच गया था।

### शुगर मिल व बाग मालिक को दिया था नोटिस

गंभीर रूप से झुलसे बच्चों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने शुगर मिल बिजनौर और संबंधित बाग स्वामी को नोटिस जारी किए थे, वहीं सदर विधायक सूची मौसम चौधरी के पति एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मौसम चौधरी भी अस्पताल पहुंचे थे और बच्चों का हालचाल जाना था। उन्होंने पीड़ित परिवारों की मदद के लिए प्रत्येक बच्चे को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की थी, ताकि उनका बेहतर उपचार कराया जा सके।



मृतक शाद का फाइल फोटो।

### आर्थिक तंगी के कारण नहीं हुआ बेहतर इलाज

परिजनों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बच्चों का उपचार किसी बड़े और विशेषज्ञ अस्पताल में लगातार नहीं हो सका। परिवार अपने स्तर पर कभी एक अस्पताल तो कभी दूसरे अस्पताल में बच्चों का इलाज कराते रहे। इस बीच शाद की हालत लगातार नाजुक बनी रही। बताया जाता है कि मंगलवार शाम उसकी तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल मेरठ मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान रात लगभग एक बजे उसने दम तोड़ दिया। शाद की मौत की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ले में भी शोक की लहर दौड़ गई।

### तीन बच्चों की हालत अब भी चिंताजनक

शाद की मौत के बाद अब उज़ैद, रिहान और साहिल की स्थिति को लेकर परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। तीनों बच्चों का उपचार जारी है, लेकिन उनकी हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है। आर्थिक संसाधनों की कमी के चलते परिवार बेहतर और उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं नहीं जुटा पा रहे हैं। शाद की मौत ने इन परिवारों के दिलों में किसी अनहोनी का डर बैठा दिया है। वहीं झुलसे बच्चों में बिलाल की हालत अपेक्षाकृत बेहतर बताई जा रही है। वह अब सामान्य रूप से खा-पी रहा है और चलने-फिरने में भी सक्षम है।

### बेहतर इलाज के लिए होती रहीं कोशिशें

भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी तथा जिला प्रशासन लगातार प्रयास करते रहे कि बच्चों को किसी बड़े अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। कई स्तरों पर पहल भी की गई, लेकिन विभिन्न कारणों से बच्चों को बड़े चिकित्सा संस्थानों में नियमित रूप से उपचार नहीं मिल सका। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कोशिशों के बावजूद परिस्थितियां अनुकूल नहीं बन पाईं।

### परिजनों ने कार्रवाई से किया इनकार

बच्चों के परिजनों ने एसडीएम सदर को लिखित रूप से अवगत कराया था कि बच्चे नादानी में घूमते हुए उस स्थान पर पहुंच गए थे और उन्हें वहां गर्म राख पड़े होने की जानकारी नहीं थी। राख में चले जाने के कारण वे गंभीर रूप से झुलस गए थे। परिजनों ने अपने बयान में यह भी कहा था कि इस घटना में शुगर मिल बिजनौर की कोई गलती नहीं है और वे भविष्य में मिल प्रबंधन के खिलाफ किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं करना चाहते।

### एक सवाल अब भी

**एक मासूम की मौत और तीन बच्चों की जिंदगी पर मंडराते खतरे ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि सार्वजनिक स्थानों पर खतरनाक औद्योगिक अवशेषों की सुरक्षा और निगरानी को लेकर कितनी सतर्कता बरती जा रही है। फिलहाल शाद की मौत ने एक परिवार से उसकी खुशियां छीन ली हैं, जबकि अन्य परिवार अपने बच्चों के स्वस्थ होकर लौट आने की दुआओं में दिन-रात गुजार रहे हैं।**

## श्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**चांदपुर (चिंगारी)।** बीती रात नगर के रामलीला मैदान में आयोजित भव्य एवं विशाल एक शाम श्याम बाबा के संग कार्यक्रम में श्रद्धालु देर रात तक श्याम बाबा के भजनों पर झूमते रहे। रात्रि में ढाई बजे आरती के बाद श्याम संध्या का समापन हुआ। भजन संध्या का शुभारंभ सुभाष तायल द्वारा पूजन कर किया। कार्यक्रम में अमन सांवरिया रुद्रपुर, शुभम सक्सेना काशीपुर व प्रेरणा आर्य नूरपुर ने खाटु श्याम बाबा के सुंदर सुंदर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के आयोजक विभोर अग्रवाल, राहुल तायल, विनय कुमार अग्रवाल व आशू तायल थे। श्याम भजन संध्या में पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, श्रीमती शक्ति मित्तल, पंकज चौधरी, सुधीर अग्रवाल, महेन्द्र कुमार, नितिन अग्रवाल, राजीव शर्मा, तुषार अग्रवाल, अनिरुद्ध मित्तल, प्रतीक अग्रवाल, लवली शर्मा, आकाश मित्तल, आशू गोयल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर

के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 24 जून, 2026

## मोहर्रम जुलूस के दौरान लाल कपड़े से ढका गया शिव चौक

**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में मंगलवार रात मोहर्रम का जुलूस निकाला गया था। यह जुलूस मोती महल से चलकर खालापार होता हुआ शिव चौक की ओर से गुजरा था, जिसके चलते पुलिस प्रशासन द्वारा शिव चौक को लाल कपड़े से कवर कराया गया था, ताकि कोई भी किसी तरह की खुरापात न कर सके। इस दौरान आलाधिकारियों ने खुद सड़क पर उतरकर भारी पुलिस फोर्स के साथ मोर्चा संभाला हुआ था। दरअसल मोहर्रम के इस जुलूस में सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोगों ने हिस्सा लिया था। जिसके चलते ये जुलूस अपने तय रूट शिव चौक से होता हुआ शांतिपूर्ण तरीके से आगे की ओर निकल गया। आपको बता दें कि हिंदू आस्था का प्रतीक माने जाने वाले नगर के इस शिव चौक को मोहर्रम जुलूस के दौरान अतिसंवेदनशील माना जाता है। जिसके चलते शिव चौक को कपड़े से कवर कराकर चारों तरफ से बैरिकेडिंग कर एक्स्ट्रा फोर्स की तैनाती की गई थी। एएसपी सिद्धार्थ के मिश्रा ने बताया कि यह शहर का प्रमुख जुलूस है, जो मोती महल से शुरू होकर खालापार होते हुए वापस मोती महल पहुंचता है।




## गन्ने के खेत में मिला युवक का शव

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र हरवेन्द्र सिंह उर्फ राहुल आयु 25 वर्ष निवासी मोहल्ला गोविंद नगर नूरपुर जो बुरी संगत में पड़ गया है और वह मुझसे व मेरे परिवार वालों से अभद्र व्यवहार करता है, और काफी समय से अलग भी रहता है। इसलिये मैं और मेरा परिवार उससे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है, तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा।

**-बरयाम सिंह पुत्र श्री दिलबहार सिंह निवासी-मौहल्ला गोविंद नगर कस्बा व थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

### करंट से मौत की आशंका

**हल्दौर ( चिंगारी )**। मंगलवार को बालकिशनपुर चौराहे के पास गन्ने के खेत में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। घटनास्थल के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन की लाइन गुजरने को देखते हुए युवक की मौत करंट की चपेट में आने से होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम यहां बालकिशनपुर चौराहे से गंज को जाने वाले मार्ग के पास स्थित एक खेत में कुछ लोगों को एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया, जिससे वहां सनसनी फैल गयी। इसकी सूचना तुरंत थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया। मृतक की पहचान थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव बांकपुर पमडावली निवासी दीपक (27 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार दीपक ट्रैक्टर-ट्रॉली से सीमेंट ढुलाई का कार्य करता था। वह लक्सर से सीमेंट लेकर हल्दौर आया था। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ सिटी अभय कुमार पांडे, थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह तथा फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल के समीप से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन को देखते हुए युवक की करंट लगने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत का सही कारण पता चल पायेगा। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में लगी हुई है।






**भली लगे या बुरी ...**

## प्रदेश की राजनीति के नये संकेत

उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की आल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन भी मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। ओवैसी ने पिछले दिनों सम्मानजनक गठबंधन की बात भी कही थी। हालांकि ऐसी कोई संभावना फिलहाल नहीं है कि ओवैसी को सपा-कांग्रेस अपने गठबंधन में स्थान देगी। इसके साथ ही बहुजन समाज पार्टी भी अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए उत्तर प्रदेश में अपनी पूरी ताकत झोंकने का मंसूबा बना रही है। इस प्रकार प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुकोणीय मुकाबले होना लगभग तय है। जहां तक भाजपा का सवाल है, उसने कह दिया है कि अगले विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ ही उसका 'चेहरा' होंगे। इससे विपक्ष द्वारा फैलाई जाने वाली उन अफ़वाहों का अंत हो गया है कि भाजपा के कुछ नेता योगी आदित्यनाथ के खिलाफ 'षडयंत्र' कर उनको प्रदेश से हटाना चाहते हैं। भले ही 'योगी-विरोधी' भाजपा या गैर-भाजपा नेताओं की इच्छा कुछ भी हो, पर योगी आदित्यनाथ का कद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। पश्चिम बंगाल के चुनाव में योगी आदित्यनाथ ने 22 विधानसभा सीटों पर प्रचार किया था, जिसमें से भाजपा 19 जीतने में सफल रही। लेकिन इसका यह अर्थ भी नहीं है कि भाजपा के समक्ष चुनौतियां नहीं हैं। उसके समक्ष सबसे गंभीर और ताजा चुनौती राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला है। देखना होगा कि भाजपा और योगी सरकार इस चुनौती का सामना किस प्रकार कर पाती है। इसके अलावा अखिलेश यादव के 'पीडीए', सपा-कांग्रेस गठबंधन, जनता की जमीनी स्तर पर होने वाली परेशानियों के साथ ही अपने सहयोगियों से भी चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। अपना दल, रालोद, संजय निषाद व राजभर जैसे नेताओं के साथ ब्रजभूषण शरण सिंह जैसे नेता भी बहुत संतुष्ट नहीं दिख रहे हैं। यदि वे अपने क्षेत्र का विस्तार करने के लिए अधिक सीटें मांगें तथा उनके न मिलने पर अलग राह अपनाने का फैसला करें तो भाजपा की चुनौती बढ़ सकती है, लेकिन बिहार और बंगाल विधानसभा चुनावों ने सहयोगी नेताओं को सबक दे दिया है कि देश में 'वैकल्पिक राजनीति' की स्थिति फिलहाल ठीक नहीं है। जो हो, प्रदेश में विधानसभा के आगामी चुनाव न केवल काफी कड़े मुकाबले से गुजरेंगे और तत्काल कोई निश्चित अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी। भाजपा के सामने तमाम सकारात्मक पहलुओं के बावजूद हिन्दुत्व के मुकाबले पीडीए की बढ़ती लोकप्रियता और गम्भीर होती जनसमस्याएं गंभीर चुनौती बनकर खड़ी हैं।

# पानी की लड़ाई में क्यों घुला जातिवाद?

– डॉ. प्रियंका सौरभ



**पानी की मांग जायज़ है, लेकिन किसी अधिकारी का मूल्यांकन उसकी जाति से नहीं, उसके कार्यों से होना चाहिए**

हरियाणा के हांसी क्षेत्र के चैनत गांव में पानी की समस्या को लेकर चल रहा आंदोलन एक महत्वपूर्ण सामाजिक और प्रशासनिक प्रश्न को सामने लाता है। किसी भी नागरिक समाज में पीने के पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए लोगों को सड़क पर उतरना पड़े, यह अपने आप में शासन व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। पानी केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। इसलिए चैनत के ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्या को लेकर आवाज उठाना पूरी तरह न्यायसंगत और लोकतांत्रिक अधिकारों के अनुरूप है। किंतु इसी आंदोलन के दौरान कुछ ऐसी टिप्पणियां सामने आईं, जिनमें एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के प्रति व्यक्तिगत और जातिगत आधार पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। यह स्थिति हमें सोचने पर विवश करती है कि क्या किसी जायज़ मांग को मनवाने के लिए सामाजिक मर्यादा और संवैधानिक मूल्यों की सीमाएं लांघी जा सकती हैं?

भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार देता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अनेक अवसरों पर स्पष्ट किया है कि जीवन के अधिकार में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता भी शामिल है। यदि किसी गांव में लोग पर्याप्त पानी से वंचित हैं, तो यह केवल एक स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों और प्रशासनिक उत्तरदायित्व का विषय है। ग्रामीणों की पीड़ा वास्तविक है और उसका समाधान करना सरकार तथा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जल संकट केवल असुविधा नहीं पैदा करता, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। महिलाओं और बच्चों को अक्सर पानी की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ता है, जिससे उनकी दिनचर्या और अवसर प्रभावित होते हैं। भारत जैसे देश में जल संकट की समस्या नई नहीं है। बढ़ती जनसंख्या, भूमिगत जल का अत्यधिक दोहन, वर्षा के असमान वितरण, जल स्रोतों के संरक्षण की कमी और अव्यवस्थित शहरीकरण ने अनेक क्षेत्रों में जल संकट को गंभीर बनाया है। हरियाणा जैसे कृषि प्रधान राज्य में यह चुनौती और भी बड़ी हो जाती है, क्योंकि कृषि, घरेलू उपयोग और औद्योगिक आवश्यकताओं के बीच जल संसाधनों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में यदि किसी गांव के लोग अपनी समस्या को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, तो उनकी बात सुनना और समाधान निकालना प्रशासन का दायित्व है।




लोकतंत्र में विरोध और आंदोलन नागरिकों का वैध अधिकार है। जब जनता को लगता है कि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा, तब वे ज्ञापन देते हैं, धरना-प्रदर्शन करते हैं और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हैं। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की एक स्वस्थ प्रक्रिया है। लेकिन लोकतंत्र केवल अधिकारों का नाम नहीं है, यह जिम्मेदारियों का भी नाम है। विरोध का अधिकार उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि सामाजिक मर्यादा और पारस्परिक सम्मान बनाए रखना। यदि आंदोलन के दौरान भाषा की गरिमा समाप्त हो जाए और व्यक्तिगत या जातिगत टिप्पणियां होने लगें, तो आंदोलन का नैतिक आधार कमजोर पड़ जाता है। किसी अधिकारी, जनप्रतिनिधि या सार्वजनिक व्यक्ति की आलोचना करना लोकतंत्र का हिस्सा है। लेकिन आलोचना का आधार उसके निर्णय, कार्यशैली और नीतियां होनी चाहिए। जब आलोचना व्यक्ति की जाति, पहनावे, भाषा या सामाजिक पृष्ठभूमि पर केंद्रित हो जाती है, तब वह लोकतांत्रिक विमर्श नहीं रह जाती, बल्कि पूर्वाग्रह और भेदभाव का रूप ले लेती है। यह स्थिति न केवल संबंधित व्यक्ति को आहत करती है, बल्कि समाज में विभाजन और अविश्वास को भी बढ़ावा देती है। भारतीय संविधान की मूल भावना समानता पर आधारित है। संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी जाति, धर्म, भाषा या जन्म के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी योग्यता और कर्म के आधार पर किया जाए। इसी उद्देश्य से संविधान में समानता का अधिकार दिया गया तथा अस्पृश्यता और जातिगत भेदभाव को समाप्त करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए। इसके बावजूद आज भी समाज के अनेक हिस्सों में जातिगत सोच और पूर्वाग्रह मौजूद हैं। जब किसी अधिकारी या व्यक्ति के बारे में उसकी जाति के आधार पर टिप्पणी की जाती है, तो यह केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं होता, बल्कि संविधान की मूल भावना का भी अनादर होता है।

यह समझना आवश्यक है कि किसी भी प्रशासनिक पद तक पहुंचने के पीछे वर्षों का कठिन परिश्रम और संघर्ष होता है। भारतीय प्रशासनिक सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा या अन्य उच्च पदों पर चयनित होने वाले अधिकारी लंबी प्रतियोगी प्रक्रिया से गुजरते हैं। वे कठिन परीक्षाएं उत्तीर्ण करते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और सार्वजनिक सेवा के लिए स्वयं को तैयार करते हैं, इसलिए किसी अधिकारी का मूल्यांकन उसके सामाजिक या जातिगत परिचय से नहीं, बल्कि उसके कार्य और प्रदर्शन से होना चाहिए। सार्वजनिक जीवन में गरिमा का महत्व अत्यंत बड़ा है। यदि समाज में यह प्रवृत्ति बढ़ने लगे कि किसी व्यक्ति की आलोचना उसके जन्मगत आधारों पर की जाए, तो इससे लोकतांत्रिक संवाद की गुणवत्ता प्रभावित होती है। ऐसी स्थिति में योग्य और प्रतिभाशाली लोग भी सार्वजनिक जीवन में आने से हिचक सकते हैं। इससे प्रशासनिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास भी कमजोर पड़ सकता है। यह भी उतना ही सत्य है कि प्रशासन को जनता की भावनाओं और समस्याओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। कई बार समस्याओं के समाधान में देरी या संवाद की कमी के कारण लोगों में असंतोष बढ़ता है। इसलिए प्रशासन की जिम्मेदारी केवल आदेश जारी करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उसे लोगों से संवाद स्थापित करना चाहिए, उनकी शिकायतों को सुनना चाहिए और समाधान की दिशा में पारदर्शी प्रयास करने चाहिए। यदि ग्रामीणों को यह महसूस होगा कि उनकी बात सुनी जा रही है और समाधान के लिए ईमानदार प्रयास हो रहे हैं, तो तनाव और टकराव की स्थिति भी कम होगी।

## विवाह करना जरूरी है, लेकिन अगर हमारे पास इससे भी बड़ा लक्ष्य है तो हम उसे चुन सकते हैं

**प्रेरक-प्रसंग**

बात उन दिनों की है जब स्वामी विवेकानंद अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को लेकर बहुत परेशान थे। उनके पिता विश्वनाथ दत्ता का निधन हो चुका था। विवेकानंद ने अपने जीवन में सुख-सुविधाएं भी देखी थीं, क्योंकि उनके पिता कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील थे। वे विद्वान होने के साथ ही संस्कृत और फारसी भाषा के जानकार भी थे। स्वामी जी के पिता की संगीत में भी रूचि थी। विश्वनाथ दत्ता ने धन बहुत कमाया, लेकिन दान भी बहुत दिया। इसी वजह से उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई थी। पिता के निधन के बाद परिवार में रिश्तों में कलह होने लगी। युवा नरेंद्र ने अपने जीवन में कुछ बातें बहुत करीब से देख ली थीं। पहली ये कि माता-पिता का साया उठ जाए, तो बचे हुए रिश्तेदारों के तौर-तरीके बदल जाते हैं। दूसरी बात ये कि धन-संपत्ति सदैव किसी की नहीं रहती है। इनके साथ ही उन्होंने गृह कलह भी देखी। जब-जब युवा नरेंद्र के लिए विवाह के प्रस्ताव आते थे, तो वे उन्हें अस्वीकार कर देते थे। एक दिन उनकी माता भुवनेश्वरी देवी ने पूछा, नरेंद्र क्या बात है, हम जिस लड़की का प्रस्ताव लेकर आते हैं, तुम मना कर देते हो। क्या तुम्हारी रूचि किसी और महिला में है? युवा नरेंद्र बोले, 'आप ठीक समझ रही हैं। मुझे विवाह नहीं करना है।' उनकी मां ने फिर पूछा, 'क्या इसकी वजह जो हमारे आसपास घटनाएं घट रही हैं, वे हैं या कोई और बात है?' इस समझ के साथ वे अविवाहित रहे, लेकिन उन्होंने अपनी योग्यता और ब्रह्मचर्य का सदुपयोग किया।

# नगीना में निकला अलम का जुलूस, सोगवारों ने किया मातम

## कर्बला के शहीदों को याद कर मातम किया

**नगीना ( चिंगारी )।** माह मुर्हम की सात तारीख को हज़रत अब्बास अलमबरदार की शहादत पर निकलने वाला अलम मुबारक का जलूस मंगलवार की दोपहर बड़ी सब्ज़ीमंडी स्थित सफदर वाली मस्जिद से शुरु हुआ। इसके अतिरिक्त देर रात तक सोगवारों ने मजलिसों में कर्बला के वाकियात को बयान करते हुए मातम किया। सोगवारों ने हज़रत अब्बास अलमबरदार की शहादत के वाक़िये को बयान के साथ नोहा ख़्वानी करते हुये ग़म का इज़हार शदीद सीनाजनी के साथ किया।

मुजफ्फरनगर से तशरीफ लाए मौलाना राशिद मुजफ्फरनगरी ने कर्बला में हुई शहादते इमाम हुसैन (रज़ि.) व उनके सहाबाओं के बारे में लोगों से खिताब करते हुये कहा कि हजरत इमाम हुसैन (रज़ि.) ने अपने नाना आप (सल्ल.) के दीन इस्लाम और इंसानियत को कयामत तक जिंदा रखने के लिए कर्बला में अपनी और कुनबे की कुर्बानी दे दी। आपकी इस अज़ीम



कुर्बानी में इमाम हुसैन की बहन हजरत जैनब व उनके दो छोटे बच्चे भी शहीद हुए। दुनिया में हजरत इमाम हुसैन (रज़ि.)और हजरत जैनब जैसे भाई-बहन के प्यार की मिसाल दुनिया को नहीं मिल सकती।

अलम मुबारक का जलूस नगर के मुगलान स्थित सबदर वाली मस्जिद से शुरू होकर इमाम बारगाह किला होता हुआ जामा मस्जिद, बड़ी सब्जी मंडी, मुहल्ला अकाबरान, पंजाबियान, क़ाज़ी सराय, लुहारी सराय, शाहजहीर, सरायमीर स्तिथ इमामबाड़ा पहुंचने के बाद विश्नोई सराय, खजूर वाली मस्जिद, नालबंदान, होता हुआ वापस बारहदरी स्थित सलीम रिज़्वी के पहुंचा। जुलूस में अर्शी आब्दी, फरहत आब्दी,गजंफर हुसैन, मुहम्मद हुसेनेंन,कामिल हसनेंन, हैदर मेंहदी ने नौहा ख्वानी की। इस मौके पर हुसैन मियां, मुहम्मद कैफ,अरहान रसूलपूरी,वाली अब्बास, मुहम्मद, डा. सज्जाद, फ़राज़, जाहिर मेंहदी, रईस अब्बास जक्कन,सलीम हैदर, हैदर अब्बास,नवाब हैदर,राहत,सलमान हैदर,आमिर अब्बास आदि ने नौहाख्वानी पर शदीद सीनाजनी की।

# नूरपुर के फजलुर्रहमान अंसारी मुम्बई में सम्मानित

**नूरपुर ( चिंगारी )। मुंबई में व्यापार करने वाले नूरपुर निवासी फजलुर्रहमान अंसारी को मुंबई में आयोजित इंडियन सितारे अवार्ड्स कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली द्वारा सम्मानित किया गया।**

नुरपुर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी फजलुर्रहमान अंसारी मुंबई में रहकर व्यापार करते हैं। वह जनपद बिजनौर के लोगों के सहयोग के लिए गठित बिजनौर वेलफेयर एसोसिएशन के



फजलुर्रहमान को ट्रॉफी देते अभिनेता आदित्य पंचोली।

अध्यक्ष हैं तथा अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। मुंबई के लता मंगेशकर आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में युवा व्यापारी फजलुर्रहमान अंसारी को सामाजिक क्षेत्र में उनके द्वारा दिये योगदान के लिए फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली द्वारा उन्हें ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। फजलुर्रहमान अंसारी के सम्मानित होने से उनके परिजनों व मित्रों में हर्ष का माहौल है।

# खूंखार आवारा कुत्तों ने किया बच्ची पर हमला

**नहटौर ( चिंगारी )।** नगर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। नहटौर पालिका कार्यालय के सामने आवारा कुत्तों ने एक 12 वर्षीय बच्ची पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया।



नहटौर के ग्राम लालबाग की रहने वाली अनबिया (12 वर्ष) पुत्री शहजाद आज किसी काम से नहटौर आई हुई थी। जैसे ही वह नगर पालिका कार्यालय के मुख्य गेट के सामने पहुंची, वहां बैठे हिंसक आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उस पर अचानक हमला कर दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास के मोहल्लेवासी और राहगीर तुरंत मौके की तरफ दौड़े। स्थानीय लोगों ने लाठी-डंडे फटकार कर बमुश्किल कुत्तों को वहां से भगाया और बच्ची को उनके चंगुल से छुड़ाया। नगर पालिका के ठीक सामने हुई इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

# गौवंश से टकराकर घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**पैजनिया ( चिंगारी )।** निराश्रित गौवंश से बाइक टकराने से घायल हुए युवक ने उपचार के दौरान मुरादाबाद के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। बता दें जनपद अमरोहा के थाना नौगांव सादात निवासी अनवार हुसैन का 22 वर्षीय पुत्र सबीबुल हसन व बड़े भाई जुनैद हसन ( 38 वर्ष ) पुत्र अनवार हुसैन सोमवार सुबह मोटरसाइकिल से थाना नहटौर क्षेत्र में स्थित एक हकीम के यहां दवा लेने जा रहे थे। जैसे ही वे मुरादाबाद-बिजनौर हाईवे पर ग्राम पैजानिया के निकट पहुंचे, उनकी मोटरसाइकिल अचानक सड़क पर आए एक बेसहारा गौवंश से टकरा गई, जिसमें दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। मुरादाबाद के एक अस्पताल में उपचार के दौरान जुनैद हसन ने दम तोड़ दिया, जबकि सबीबुल हसन का उपचार जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई है। परिजनों की तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

Hero
बाइक बिकाऊ है
Hero


हीरो की सबसे दमदार बाइक
Mavrick 440cc
पुरानी बाइक शीघ्र बिकाऊ है।
मात्र 9 किलोमीटर चली हुई।
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# मजार प्रकरण : डॉ. इन्द्रदेव ने प्रशासन की कार्रवाई को उचित बताया

धामपुर ( चिंगारी )। पीर बाबा नासिर मियां मजार के मार्ग के प्रकरण को लेकर राजनीतिक दलों के नेताओं की बयानबाजी का दौर छठे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह टीचर्स कॉलोनी पहुंचे और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और मार्ग का मौका मुआयना भी किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई को उचित और जनहित में बताया।

पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने कहा कि टीचर्स कॉलोनी के निवासी लंबे समय से रास्ते को चौड़ा कराने और आवागमन की समस्या के समाधान की मांग कर रहे थे। प्रशासन द्वारा हाल ही में की गई कार्यवाही इसी दिशा में एक कदम है, जिससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मार्गों को सुगम बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इस दृष्टि से की गई कार्वाई को गलत नहीं ठहराया जा सकता। डॉ. इंद्रदेव सिंह ने कहा कि आजाद समाज पार्टी के नेता विवेक सेन द्वारा मजार के 3031 वर्ग गज भूमि से संबंधित दस्तावेज होने का दावा किया जा रहा है, वह कोई डीएम या सरकारी अधिकारी नहीं है एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं, जब तक किसी सक्षम सरकारी अधिकारी अथवा प्रशासनिक जांच के माध्यम से इन दस्तावेजों की पुष्टि नहीं हो जाती, तब तक उन्हें आधिकारिक तथ्य नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद का समाधान कानून और प्रशासनिक प्रक्रिया के माध्यम से ही होना चाहिए। पूर्व विधायक ने कहा कि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखना सभी पक्षों की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह मामले को लेकर किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासनिक जांच पूरी होने का इंतजार करें।

इस दौरान पूर्व सभासद श्रीमती सुनीता नंदा, आरएसएम डिग्री कॉलेज के सेवानिवृत प्रवक्ता डॉक्टर प्रकाशवीर शास्त्री, नरेंद्र कुमार, मुकेश रावत, मास्टर श्यामवीर सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


पीर बाबा नासिर मियां मजार के मार्ग का मुआयना करते हुए पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह।

## क्रय केन्द्रों पर समय से शुरू करें तौल


तोल लिपक की बैठक लेते हुए मिल अधिकारी।

### मिल के सहायक उपाध्यक्ष ने किया निर्देशित

धामपुर ( चिंगारी )। धामपुर शुगर मिल के सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने जोन नहटौर के सभी तोल लिपिकों की मीटिंग ली, जिसमें सभी तोल लिपिकों को निर्देशित किया गया कि क्रय केंद्रों पर समय से तोल कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर साफ ताजा व अगोला, जड़ पत्ती रहित गन्ने की तोल की जाये। अगेती प्रजाति की पर्ची पर अगेती प्रजाति के गन्ने व सामान्य प्रजाति की। पर्ची पर सामान्य प्रजाति के गन्ने की ही तोल की जाये। मीटिंग में जोनल प्रबंधक व सभी जोनल अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली के तारों पर झुका इमली का पुराना पेड़ हादसे को दे रहा दावत

धामपुर ( चिंगारी )। नगर की बड़ी मंडी में उमेश कुमार गोयल की दुकान के पास लगा हुआ पुराना इमली का पेड़ अब जर्जर हालत में पहुंच गया है। यदि समय रहते पेड़ को नहीं कटवाया, तो गंभीर दुर्घटना होने में समय नहीं लगेगा। बड़ी मंडी निवासी ऋषभ जैन, आयुष जैन, शुभम जैन, विकास जैन, अनमोल जैन, विपुल जैन आदि ने बताया कि इस पेड़ की जड़ें काफी कमजोर हो गई हैं। इसके अलावा पेड़ के तने हाई वोल्टेज बिजली की लाइनों के तारों से टच हो रहे हैं, जिस कारण लगभग आधा दर्जन घरों में बिजली की समस्या पैदा हो रही है। पिछले दिनों आई आंधी के कारण इमली का पेड़ लगभग 2 फुट सड़क की ओर झुक गया है। इस संबंध में वन विभाग के रेंजर को ज्ञापन देकर पेड़ काटे जाने की मांग की गई है। रेंजर का कहना है कि यह पेड़ नगर पालिका परिषद धामपुर की सीमा में आता है, इसीलिए व्यापारियों को पहले नगर पालिका में ज्ञापन देना चाहिए, वहां से जब वह अपनी रिपोर्ट लगाकर वन विभाग को भेजेंगे, तब वन विभाग को अवगत कराएगी तब इस पेड़ को काटने की अनुमति मिलेगी।


बिजली के तारों पर झुका हुआ इमली का पेड़।

## हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया

धामपुर ( चिंगारी )। ज्येष्ठ माह के अंतिम और आठवें बड़े मंगलवार के अवसर पर बड़ी मंडी स्थित राजगढ़ियों की धर्मशाला में श्रीमद् हनुमत सेवा समिति एवं बाबा श्री नीब करोरी कृपा कुंज के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुरोहित पं. पवन कौशिक द्वारा कराया गया, जिसमें मुख्य यजमान समाजसेवी संतोष कुमार धनौरिया सपरिवार मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र धनोरिया ने समिति के सदस्यों को श्री राम अंकित पटका पहनाकर सम्मानित किया। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत पंकज भटनागर द्वारा गणेश वंदना एवं तरुण शर्मा शास्त्री ने गुरु वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर एडवोकेट यतेंद्र शर्मा, तरुण शर्मा शास्त्री, पंकज भटनागर, नमीता वर्मा, गौरी वर्मा, अनिल चौधरी, सुभाष कौशिक, अरुण अग्रवाल आदि ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में राजीव सिसोदिया, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, अनिल अग्रवाल कटका, जितेंद्र गोयल, उपेंद्र सैनी, पंकज अग्रवाल, उदित जैन, राजू गुप्ता, राजीव अग्रवाल, राकेश चौधरी, उमेश गोयल, अजय कुमार पिंटू, मनोज बंसल, मनोज धनोरिया, ललित गर्ग, अवनी कुमार, मोहित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



## राहगीरों को शर्बत पिलाया

धामपुर ( चिंगारी )। भीषण गर्मी में राहत देने के लिए ठंडा शरबत पिलाकर राहगीरों को राहत देने का कार्य किया गया। रोडवेज बस स्टैंड तिराहे पर चंद्रपाल कारीगर परिवार ने ठंडा शरबत पिलाकर इस भीषण गर्मी में आने जाने वालों को राहत देने का कार्य किया। चंद्रपाल कारीगर ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। यह मानकर हम सेवा कर रहे हैं। कई दिन से भीषण गर्मी पड़ रही है, इसलिए ठंडा शरबत पिलाया जा रहा है। शरबत पीने वालों की काफी भीड़ लगी रही और सभी ने शरबत पीकर राहत महसूस की।

## चाई महोत्सव का दूसरा दिन : कलाकारों ने पहाड़ की संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरी

### नई पीढ़ी को गांव से जोड़ने पर जोर

कोटद्वार ( चिंगारी )। जयहरीखाल ब्लॉक के चाई गांव में चाई ग्रामोत्सव के दूसरे दिन ग्राम विकास गोष्ठी और गढ़वाली संस्कृति व परंपरा विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान नई पीढ़ी को गांव से जोड़ने के उपायों पर चर्चा की गई और गांवों के सुनियोजित विकास पर जोर दिया गया। महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में संस्कृति विभाग के कलाकारों ने अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से पहाड़ की समृद्धि संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरी। जिन पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे।

चाई ग्रामोत्सव के दूसरे दिन ग्राम विकास गोष्ठी का मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूनम नेगी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया । इस अवसर पर श्रीमती नेगी ने कहा कि गांव चाई आज अपनी अनोखी पहल की वजह से पूरे राज्य व देश के लिए रोल मॉडल बन गया है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास का खाका गांव में ही बैठकर तैयार किया जाना चाहिए और इसमें स्थानीय ग्रामीणों की प्रभावी भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव स्वरोजगार व स्वावलंबन की बड़े केंद्र हो सकते हैं। नीति नियंताओ को इस दिशा में गहराई से सोचना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान व समाजसेवी श्रीमती अंजू गुसांई ने कहा कि पहाड़ की भू-संपदा को बचाना बहुत जरूरी है। संसाधन संरक्षण से ही पहाड़ बचेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामोत्सव के माध्यम से संस्कृति संरक्षण का यह प्रयोग अनूठा है और संपूर्ण समाज के लिए प्रेरक है। समाजसेवी व आयोजन समिति के सदस्य सच्चिदानंद बुडाकोटी ने कहा कि चाई ग्रामवासी अपनी व्यापक सोच के बूते गांव में विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री नवदुर्गा ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष जगमोहन बुडाकोटी ने कहा कि उत्तराखंड की पहचान यहां के गांव हैं और उनका लक्ष्य इस गांव को एक आदर्श गांव बनाने का है।

इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती मीनाक्षी बुडाकोटी, दीपक बुडाकोटी, ग्राम प्रधान अशोक बुडाकोटी, डा. पदमेश बुडाकोटी आदि ने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी का संचालन संगीत बुडाकोटी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। चाई ग्रामोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या मंसार लोक कला एवं सांस्कृतिक समिति के नाम रही। संस्कृति विभाग उत्तराखंड के तत्वावधान में कलाकारों द्वारा जागर, थड़िया, चौंफला, बाजूबंद लोक गीत व लोक नृत्यों के साथ ही गढ़वाल की सांस्कृतिक झांकियों का प्रभावी मंचन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन राकेंद्र रौथाण ने किया।



# अवैध जल दोहन पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

## वर्षा जल संचयन, तालाबों के पुनर्जीवन और रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्रभावी बनाने के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भूगर्भ जल अधिनियम–2019 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने भूगर्भ जल स्तर में लगातार हो रही गिरावट को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में भूगर्भ जल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल संचयन संरचनाओं की स्थापना और उनका नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सरकारी भवनों, विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिये। उन्होंने तालाबों, पोखरों और अन्य जलाशयों के संरक्षण, पुनर्जीवन एवं नियमित सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जल स्रोतों को संरक्षित करना जल संकट से निपटने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही नालों एवं जल निकासी मार्गों को अवरुद्ध होने से बचाने तथा वर्षा जल को अधिकाधिक भूगर्भ में समाहित करने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने अवैध भूगर्भ जल दोहन के मामलों पर सतर्क निगरानी रखने और निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि भूगर्भ जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण एवं नियमित रखरखाव को प्रोत्साहित करने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जल संरक्षण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दंगा नियंत्रण रिहर्सल के दौरान आंसू गैस के गोले छोड़ने से लोग सकते में आये



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कानून–व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने मंगलवार को पुलिस लाइन के मैदान पर दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मियों ने भीड़ नियंत्रण, उपद्रव की स्थिति से निपटने और आंसू गैस के गोले छोड़ने का अभ्यास किया। हालांकि इस दौरान छोड़ी गई आंसू गैस का असर आसपास से गुजर रहे राहगीरों और स्थानीय लोगों पर भी पड़ा, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आंसू गैस के गोले छोड़े जाने के बाद आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल गया। इसकी वजह से कई राहगीरों की आंखों में जलन होने लगी और उनके आंसू निकलने लगे। कुछ लोगों को खांसी की भी दिक्कत महसूस हुई। लोग अपनी आंखों को पानी से धोते नजर आए।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दंगा नियंत्रण की स्थिति में जवानों की तैयारियों को परखने और आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए यह नियमित अभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों को भीड़ को नियंत्रित करने, सुरक्षात्मक उपकरणों के इस्तेमाल और आंसू गैस के प्रभाव से बचाव के तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। हालांकि मॉक ड्रिल के दौरान आम लोगों को हुई असुविधा को लेकर भी चर्चा रही। स्थानीय लोगों का कहना था कि ऐसे अभ्यास के समय पहले से सूचना दी जानी चाहिए, ताकि राहगीरों और आसपास के लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आरवीआईटी का बी.फार्मा का रिज़ल्ट रहा शानदार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी बिजनौर के बी. फार्मा फाइनल इयर का परीक्षाफल डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। जिसमें अंकिता मिश्रा ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, विकास कुमार ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं रोशनी कुमारी ने 81.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त संस्थान के सभी विद्यार्थी बहुत अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुये। संस्थान के फाइनल इयर के अधिकतर विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए । प्रबन्धक निदेशक श्री सन्नी देशवाल और फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. हितेश कुमार ने सभी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं।




# विवादित भूमि पर हो रहा निर्माण कार्य पुलिस ने रुकवाया



**शेरकोट ( चिंगारी )।** न्यायालय में चल रहे मुकदमा के बावजूद कुछ दबंगों द्वारा विवादित भूमि पर अवैध रूप से निमार्ण कर कब्जा किये जाने का मामला नगर में चर्चा का विषय बन गया है। भूमि पर निर्माण कर अवैध कब्जे किये जाने को लेकर पीड़ित पक्ष ने अधिकारियों को पत्र भेजकर कार्यवाही की गुहार की है। नगर के मुहल्ला कोटरा निवासी विसाल अहमद,जमाल अहमद और खुर्शीद अहमद,नफीस अहमद आदि का मुहल्ले में मदरसे के सामने स्थित पट पड़ी भूमि पर विवाद चल रहा है,जो सन् 2009 से कोर्ट में विचाराधीन है। विसाल अहमद का कहना है कि इस भूमि का हाउस टैक्स शुरू से ही उनके नाम दर्ज है और तभी से 2022–2023 तक उनके द्वारा पालिका में टैक्स जमा किया गया। आरोप है कि 2024 के सर्वे में पालिका ने उन्हें कोई सूचना दिये बिना इस भूमि को अज्ञात में दर्ज कर दिया। मंगलवार सुबह 11 बजे जब विवादित भूमि पर दूसरे पक्ष के दबंगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण करना शुरू कर दिया। न्यायालय में भूमि का विवाद विचाराधीन होने के बावजूद भूमि पर निर्माण किये जाने की सूचना विसाल अहमद और उनके भाइयों द्वारा नगर पालिका, पुलिस और उच्च अधिकारियों को दी। पीड़ितों का आरोप कि न्यायालय में चल रहे वाद में फैसला करने के लिए आरोपियों द्वारा उन्हें तरह–तरह से परेशान किया जा रहा है और उन्हें घर का पुनः निर्माण करने से रोकने के लिए भी तरह–तरह के हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। आरोपियों द्वारा विसाल अहमद के निर्माणधीन मकान की दीवार गिराकर पथराव भी किया गया था,जिसका मुकदमा दर्ज है। उधर आरोपियों ने अपने घर की दीवार तोड़कर विवादित जमीन की ओर अपना गेट भी लगा दिया। आरोपी पक्ष द्वारा भूमि को अपना बताया जा रहा है, लेकिन मांगने पर कोई कागज नहीं दिखाए जा रहे हैं। ईओ कृष्ण मुरारी ने बताया कि जमीन विवादित है और निर्माण की कोई अनुमति नहीं दी गई है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले का पता लगने पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था, परंतु काफी इंतजार के बाद भी नगरपालिका कर्मचारी नहीं पहुंचे। शाम को उपजिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने निर्माण को रूकवा दिया।

# गंगा एक्सप्रेस-वे के एलाइनमेंट पर किसानों की आपत्ति, धार्मिक स्थलों को जोड़ने की मांग



**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रस्तावित श्री गंगा एक्सप्रेस-वे के एलाइनमेंट को लेकर क्षेत्रवासियों और किसानों ने आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि एक्सप्रेस-वे का संरेखण इस प्रकार निर्धारित किया जाए, जिससे किसानों की उपजाऊ भूमि का न्यूनतम अधिग्रहण हो और क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को भी इससे जोड़ा जा सके।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान प्रस्तावित मार्ग से हजारों किसान प्रभावित होंगे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि वैकल्पिक मार्ग अपनाया जाता है तो महात्मा विदुर की कुटी, महर्षि कण्व आश्रम और कल्याण देवी मंदिर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा सकता है। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

क्षेत्रवासियों ने सरकार से जनहित में सकारात्मक निर्णय लेते हुए एलाइनमेंट पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

इस दौरान राजेंद्र सिंह, विवेक गुप्ता, नकुल, बृजपाल सिंह, भोले, बीनू सिंह, मुन्नू, ऋषिपाल सिंह, दयाराम सिंह, दीपेंद्र सिंह, शेर सिंह, कपिल, विनोद कुमार, जितेंद्र, नरेंद्र, सुमित, जितेंद्र और सूरत भारद्वाज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# किसानों ने एक्सईएन से मुलाकात कर समस्याओं के हल की मांग की



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन एकता के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुरादाबाद मंडल प्रभारी मौ. फुरकान खान के नेतृत्व में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता रामकुमार परमार व एसडीओ गवेंद्र सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उनके सामने साहनपुर, खिरनी, भागूवाला व शहर वासियों की अनेक विद्युत समस्याएं रखते हुए हल कराने की मांग की। एक्सईएन ने सभी समस्याओं को सुनने के बाद जल्दी ही हल कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अतीक अहमद, उस्मान अंसारी, इकराम अंसारी, अफसर कुरैशी, वसीम अहमद, आफताब राईन, तौसीफ राईन, अमीर हसन अंसारी, नईमुद्दीन मंसूरी आदि शामिल रहे।

## सुलेमान बने कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ के जिला कोअर्डिनेटर बने

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ के जिला/शहर कोअर्डिनेटर की सलंग्न सूची को स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रदेश कोर्डिनेटर नीरज शर्मा ने नजीबाबाद निवासी सुलेमान खान को खेलकूद प्रकोष्ठ का जिला कोअर्डिनेटर नियुक्त किया है।

## कार्यालय नगर पंचायत साहनपुर ( बिजनौर )

पत्र संख्या :- 84/2026-27/सा.सू./न.पं. साहनपुर दिनांक : 23.06.2026

### संशोधित सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय के पत्र संख्या-63/2025-26/सा.सू./न.पं.साहनपुर दिनांक-04.06.2026 के द्वारा सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन किया गया था, जिसमें नुमाईश/मेला लगाये जाने हेतु दिनांक- 25.06.2026 निर्धारित थी, जिसको अब अपरिहार्य कारणों से दिनांक-03.07.2026 को समय-02 बजे कार्यालय नगर पंचायत साहनपुर में नीलामी बोली की जायेगी। शेष सभी सूचना यथावत समझी जाये।

| अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|
| नगर पंचायत साहनपुर | नगर पंचायत साहनपुर |
| बिजनौर | बिजनौर |

# कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, डीएम को दिया ज्ञापन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राम मंदिर ट्रस्ट फंड में कथित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन दिया। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी  कार्यालय पर इकट्ठा हुए और पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहाँ  उन्होंने राम मंदिर ट्रस्ट के फंड मे किये गये अथित घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया। इससे पूर्व जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। उनके नाम पर एकत्रित धन के उपयोग को लेकर यदि किसी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार के आरोप सामने आते हैं तो उनकी निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की आस्था और विश्वास को बनाए रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में आर.के. सिंह (पूर्व आईएएस), हरिराज सिंह, अहसन जमील,गुरमुख सिंह, एडवोकेट विक्रम सिंह, मीनू गोयल, मलखान सिंह, खालिद अंसारी, महेश कुमार, रामपाल सिंह, रतिराम सिंह, राम रतन सिंह, सुकेश कुमार, विकुल कुमार, अंकित कुमार, सुकंदी, नीरज, दीपक कुमार, काज़ी आतिफ, हिमांशु कुमार, जितेंद्र सिंह सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।






# बिजनौर में बने हुये हैं अनेक 'लाक्षागृह'

## बेसमेंट में चल रहे हैं नर्सिंग होम, कोचिंग सेंटर और रेस्टोरेंट




बिजनौर (चिंगारी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अलीगंज में हुये भीषण अग्निकांड को एक बड़ा सबक बताते हुए पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर फायर सेफ्टी ऑडिट अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री साफतौर पर कहा है कि किसी भी हाल में कोचिंग सेंटर और नर्सिंग होम बेसमेंट में नहीं चलेंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासन ने अभियान छेड़ दिया है। बिजनौर में एसडीएम सदर और सीओ सिटी ने भी कल नगर के कई कोचिंग सेंटरों व मॉल में चैकिंग अभियान चलाया। लेकिन प्रशासन की नजर बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर, नर्सिंग होम, रेस्टोरेंट व अन्य प्रतिष्ठानों की ओर नहीं गई, जहां अग्नि सुरक्षा का कोई इंतेजाम नहीं है। इसके साथ ही, तंग गलियों और मोहल्लों में भी कोचिंग सेंटर व अन्य प्रतिष्ठान धडल्ले से चल रहे हैं। इसके अलावा शहर में दर्जनों ऐसे संस्थान यहां तक कि बैंक भी हैं, जो बेहद संकरे रास्ते पर स्थित हैं, जिनमें आने-जाने के लिये बेहद संकरा जीना है। इन और एग्जिट एक ही हैं। खुदा न खास्ता कोई दुर्घटना हो जाये तो कितनी जनहानि होगी, कहा नहीं जा सकता। एक तरह से शहर में कदम-कदम पर लाक्षागृह बने हुए हैं, जिनकी ओर प्रशासन का ध्यान नहीं है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि आखिर ये बेसमेंट बने किस आधार पर। व्यापक जांच की आवश्यकता है। अन्यथा बिजनौर में भी किसी भीषण हादसे की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता।

### लखनऊ अग्निकांड को अत्यंत दुखद व हृदय विदारक बताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में अग्नि दुर्घटना में कई छात्रों व नागरिकों की असामयिक मृत्यु पर महाकाल भक्त मंडल ने गहरा दुख जताया। नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में महाकाल भक्त मंडल द्वारा लखनऊ के अलीगंज में एक दुकान के ऊपर चल रहे कोचिंग सेंटर में अचानक आग लगने से करीब 15 छात्र-छात्राओं की मौत को अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक बताया। महाकाल भक्त मंडल ने ईश्वर से प्रार्थना कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। महाकाल भक्त मंडल ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की। शोकसभा में पंडित भोला शंकर शास्त्री, सौरभ कुमार, सभासद पवन एड., अभिनव अग्रवाल एड., देवेंद्र प्रजापति, आशुतोष टॉक, रोहित कुमार, आदित्य, सागर, ऋषभ, आकाश, तरुण, लक्ष्मण, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## नगीना में 4 कोचिंग सेंटर सील



कोचिंग सेंटर पर छापे मार कार्रवाई के दौरान जांच करते एसडीएम।

नगीना। लखनऊ के कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड के बाद कुंभकर्णी नींद से जागे प्रशासन ने नगीना में बुधवार को कोचिंग सेंटर पर ताबड़तोड़ छापे मारे। इस दौरान प्रशासन ने चार कोचिंग सेंटर को सील करने के आदेश करते हुए उन्हें बंद करा दिया। बुधवार की दोपहर एसडीएम प्रिंस कुमार, सीओ राजेश कुमार सोलंकी, नायब तहसीलदार श्याम सुंदर, थानाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में टीम ने नगीना के करीब एक दर्जन कोचिंग सेंटरों पर छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान मानक अनुरूप नहीं मिलने पर चार कोचिंग सेंटर को सील करने के आदेश करते हुए अपने ताले लगवा दिए। प्रशासन की इस कार्रवाई से कोचिंग सेंटर संचालकों में हड़कंप मच गया।

# हज़ारों स्टूडेंट्स की हार्ट बीट्स बढ़ा गये अक्षय कुमार

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कैंपस में उतरे आने वाली फिल्म 'वेलकम टु द जंगल' के स्टार्स, खिलाड़ी फेम अक्षय कुमार के साथ फिल्म अभिनेता अक्षरा सिंह, दिशा पटानी और राजपाल यादव का 50 मिनट तक सिर चढ़कर बोला जादू

-प्रो. श्याम सुंदर भाटिया





**मुरादाबाद (चिंगारी)।** चिलचिलाती गर्मी से बेपरवाह हजारों-हजार तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के स्टुडेंट्स ने आने वाली फिल्म 'वेलकम टु द जंगल' के सितारों- अक्षय कुमार, अक्षरा सिंह, दिशा पटानी और राजपाल यादव के अभिनंदन में पलक पांवड़े बिछा दिए। यूनिवर्सिटी के कैंपस में फर्स्ट टाइम आए जाने-माने अभिनेता अक्षय कुमार ने अपनी कॉमेडी फिल्म के स्टार कास्ट प्रोग्राम में साथी कलाकारों को स्टुडेंट्स से रूबरू कराया। उन्होंने पंडाल में मौजूद हजारों स्टुडेंट्स से आग्रह किया, यदि वे हंसना-मुस्कुराना चाहते हैं तो वे 'वेलकम टु द जंगल' फिल्म देखने अवश्य जाएं। करीब 11:10 बजे उनका उड़न खटोला टीएमयू के हैलीपैड पर उतरा, वहां से वे अपने को-स्टार्स के संग सीधे कुलाधिपति के आवास- 'संवृद्धि' पहुंचे, जहां कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने गर्मजोशी से स्वागत किया। ग्रुप फोटोग्राफी हुई, जिसमें फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन और श्रीमती ऋचा जैन भी शामिल रहीं। फिल्म प्रमोशन के लिए अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टु द जंगल' के सितारे करीब 50 मिनट तक मंच पर रहे। राजपाल यादव ने अपनी संवाद अदायगी से छात्रों को गुदगुदाया, अक्षय कुमार, अक्षरा सिंह और दिशा पटानी अपने जबर्दस्त नृत्य से स्टुडेंट्स का दिल जीतने में कामयाब रहे। नये और पुराने करीब तीन दर्जन कलाकारों से सजी यह फिल्म 26 जून को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अंत में कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, ईडी श्री अक्षत जैन, सुश्री नंदिनी जैन ने अभिनेता अक्षय कुमार को बुके देकर यूनिवर्सिटी आने के लिए शुक्रिया अदा किया। दूसरी ओर स्टार कास्ट कार्यक्रम में श्री अभिषेक कपूर के संग-संग प्रोग्राम कोर्डिनेटर प्रो. एमपी सिंह, प्रो. विपिन जैन, प्रो. आरके द्विवेदी, सीए श्री गौरव अग्रवाल, प्रो. मनु मिश्रा, प्रो. विनोद जैन आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

### मेरे शब्दकोष में रिटायर्ड वर्ड नहीं

बालीवुड के नामचीन हीरो अक्षय कुमार ने अपनी जिंदगी का फलसफा भी खोला। उन्होंने हजारों-हजार स्टुडेंट्स के हुजूम से रूबरू होते हुए कहा, मेरे जीवन में रिटायरमेंट नाम का कोई शब्द नहीं है। अपने जीवन दर्शन को साझा करते हुए बोले, हमेशा काम करते रहिए, यही मेरी ऊर्जा का सच है। मैं बेधड़क होकर काम करता हूं। उन्होंने स्टुडेंट्स से उम्मीद जताई, वे जीवन पर्यंत ऊर्जा के संग अपने लक्ष्यों में जुटे रहेंगे। यह भी खुलासा उन्होंने अपने फैन के एक सवाल के जवाब में किया।

### मां-बाप की सेवा में ही जन्नत

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के स्टुडेंट्स को सलाह दी, यदि जीवन में तरक्की चाहते हो तो माता-पिता की सेवा करो, क्योंकि इनके चरणों में ही जन्नत है। उन्होंने पर्सनल अनुभवों को साझा करते हुए कहा, यदि आप घर से बाहर भी जा रहे हैं तो भी माता-पिता का आशीर्वाद अवश्य लेकर जाएं।

### हां, मैं भी जैनेज्मि का फॉलोअर हूं

जैन लेडी के सवाल के जवाब में अक्षय कुमार बोले, मेरी दिनचर्या बेहद अनुशासित है। मैं सूर्योदय से काफी पहले बिस्तर छोड़ देता हूं। शाम को जैन परंपरा के मुताबिक सूर्यास्त से पहले भोजन कर लेता हूं। जल्दी ही सो भी जाता हूं।

### फेंस की सेल्फी लेना नहीं भूले

'वेलकम टु द जंगल' के अभिनेता अक्षय कुमार ने स्टार कास्ट के अंत में पंडाल में हजारों-हजार अपने फैंस के संग मंच से सेल्फी भी ली। इस सेल्फी में टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, ईडी श्री अक्षत जैन, सुश्री नंदिनी जैन आदि भी कैद हुए।

# एक जुलाई से शुरू होगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

## गांव-गांव जागरूकता और स्वच्छता गतिविधियों पर रहेगा जोर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार की रोकथाम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने तथा निर्धारित गतिविधियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का द्वितीय चरण 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा, जबकि दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत तैयार माइक्रो प्लान के अनुसार ही सभी विभाग कार्य सुनिश्चित करें।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिमागी बुखार की रोकथाम के लिए बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक करने, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने विकास खंडों में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए साइकिल रैलियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के बिना अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति संभव नहीं है। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि घर-घर सर्वेक्षण पूरी गंभीरता के साथ किया जाए तथा बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की जांच कर उनका चिन्हांकन सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सामुदायिक परिसरों के आसपास उगी झाड़ियों और घास-फूस की सफाई कराने, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने के लिए एंटी लार्वा गतिविधियां संचालित करने तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने पर विशेष जोर दिया।

# गाइडलाइन के अनुसार ही निकाला जाये ताजियों का जुलूस-एएसपी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** यौम-ए-आशूरा के मौके पर 26 जून शुक्रवार को मुहर्रम का त्यौहार मनाया जाएगा। मंगलवार को थाना परिसर में पुलिस प्रशासन ने ताजिया कमेटी के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार ने ताजिया कमेटी के पदाधिकारियों को सरकार की गाइडलाइंस से अवगत कराते हुए कहा कि ताजियों का जुलूस सरकार द्वारा जारी मानक के अनुरूप ही शान्तिपूर्ण ढंग से निकाला जाए। उन्होंने कहा कि ताजियों की ऊंचाई 12 फीट ही रखी जाए तथा जुलूस में किसी प्रकार के हथियार लाठी-डंडे व भाले आदि के प्रदर्शन करने व डीजे बजाने व स्टंट करने की अनुमति नहीं होगी। ताजियों का जुलूस अपने परम्परागत मार्ग से ही निकाला जाएगा, नये मार्ग की अनुमति नहीं दी जाएगी। क़ानून का उल्लंघन करने व किसी



ताज़िया कमेटी के साथ बैठक करते एसपीआरए प्रकाश कुमार।

प्रकार का उपद्रव फैलाने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। इस अवसर पर सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह,थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार व अंसार ताजिया कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अकरम उर्फ बब्बू, उपाध्यक्ष मौहम्मद आनिस अंसारी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद आमिर, अंजार अहमद व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बीएसएनएल का 5 हजार नये कनेक्शन देने का लक्ष्य

## 259 रुपये में शुरू किया एफटीटीएच प्लान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के विस्तार को लेकर बीएसएनएल ने नई योजनाओं की घोषणा की है। डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूत करने के लिए बीएसएनएल ग्रामीण उपभोक्ताओं तक किफायती और बेहतर सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। बीएसएनएल के ओए हेड एलएम सिंह ने बताया कि बीएसएनएल ने ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए 259 रुपये का एफटीटीएच प्लान शुरू किया है। इस योजना के तहत 25 एमबीपीएस की हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। यह प्लान ऑनलाइन शिक्षा, वर्क फ्रॉम होम और दैनिक इंटरनेट जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, ताकि कम कीमत में उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध इंटरनेट सुविधा मिल सके। बीएसएनएल अधिकारियों ने बताया कि स्वदेशी तकनीक पर आधारित 4जी नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। नये ग्राहकों के लिए 51 रुपये में 4जी सिम उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ अनलिमिटेड कॉलिंग और प्रतिदिन दो जीबी डेटा की सुविधा दी जा रही है। वर्तमान में जिले में करीब 1200 एफटीटीएच कनेक्शन संचालित हैं। आने वाले समय में जिले में पांच हजार से अधिक नये एफटीटीएच कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# पति सहित ससुराल पक्ष के 5 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र शिवाला कलां के गांव सूनगढ़ निवासी महिला हिमानी राजपूत ने मंगलवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी गत 14 फ़रवरी 2025 को कौशेन्द्र चौहान पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम सादरपुर खिचड़ी थाना क्षेत्र छजलैट (मुरादाबाद)के साथ हुई थी। शादी में उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज़ दिया था, लेकिन ससुराल वाले उक्त दहेज़ से खुश नहीं थे। पति कौशेन्द्र चौहान, ससुर चन्द्रपाल सिंह,नन्द बबली,देवर योगेन्द्र व जीजा लोकेश दस लाख रुपए की मांग करते हुए उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते रहते थे। करीब एक माह पूर्व उसके ससुराल वालों ने उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया था, तब से वह अपने मायके में रह रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति कौशेन्द्र चौहान समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# थाने में खुद को आग लगाने वाली युवती की हालत स्थिर

**बिजनौर (चिंगारी)।** थाना शहर कोतवाली बिजनौर में रविवार की रात खुद को आग लगाने वाली युवती का उपचार दिल्ली के अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। परिजन भी दिल्ली में मौजूद हैं। उनका कहना है कि युवती के स्वास्थ्य में सुधार है। उधर, शहर कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरोपी सौरभ के चाचा कलुवा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि पीड़ित युवती ने दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई से असंतुष्ट होकर रविवार की देर रात शहर कोतवाली परिसर में खुद को आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलसने के बाद उसे मेरठ रैफर किया गया था, जहां से बेहतर उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पुलिस प्रशासन मामले की निगरानी कर रहा है। शहर कोतवाल अवनीतमान का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# सातवीं मोहर्रम पर पेदी में निकाला गया जुलूस-ए-अलम

## मजलिस में इमाम हुसैन की कुर्बानियों को याद किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सातवीं मोहर्रम के अवसर पर अंजुमन अब्बासिया के ज़ेरे इंतज़ाम पेदी सादात गांव से जुलूस-ए-अलम निकाला गया। जुलूस शाम करीब 3:30 बजे अपने पारंपरिक मार्ग से होते हुए बुखारा बिजनौर पहुंचा, जहां अंजुमन सरकारे हुसैनी के अकीदतमंदों ने जुलूस का इसतक़बाल किया और इमाम हुसैन को नजराना-ए-अकीदत पेश किया।



जुलूस के उपरांत इमामबाड़े में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना अमीर हैदर ने करबला के शहीदों, विशेष रूप से इमाम हुसैन (अ.) की कुर्बानियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने ज़ुल्म और अत्याचार का डटकर मुकाबला किया। उन्होंने इंसाफ, सच्चाई और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मौलना ने कहा कि करबला का संदेश आज भी पूरी दुनिया को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

शाम छह बजे अली नवाब नकवी के आवास पर मजलिस का आयोजन किया गया, जिसमें सोगवारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मजलिस मे मरसिया ख्वानी वक़ार हैदर रिज़वी, जॉन रिज़्वी व शबीह हैदर रिज़्वी ने की। नोहा ख्वानी सुरूर हैदर आदि ने की। जुलूस व मजलिस में गम ख्वार हैदर रिज़वी, विक़ार, भाजपा मंडलाध्यक्ष मेंहदी ज़ैदी, नासिर अब्बास, कामरान ज़ैदी, अफ़रोज़ अक़्वी, मुजाहिद हसन, जाफ़र हसनैन, रुहुल हसनैन व हसन आबिद आदि ने शिरकत की।

# मोहर्रम की सात तारीख को निकाला अलम का जुलूस



छुरियों और जंजीरों से किया मातम

**शेरकोट ( चिंगारी )।** मोहर्रम की सात तारीख के मौके पर मंगलवार को शिया समुदाय के लोगों द्वारा परम्परागत ढंग से अलम का जुलूस निकाला। इस मौके सोगवारों ने छुरियों और जंजीरों से मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया।

हर साल की तरह आज बाद नमाज़े जौहर मौहल्ला खुराड़ा स्थित इमामबाड़ा में एक मजलिस का आयोजन किया गया। जिसको मंगलौर से तशरीफ़ लाए मौलाना इकबाल हुसैन ने खिताब किया। उन्होंने वाक्याए कर्बला बयान करते कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन द्वारा जालिम यजीद से लड़ी गई जंग हक़ और जुल्म के खिलाफ थी। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने कुर्बानी देकर ये पैगाम दिया कि जीत हमेशा सच्चाई की होती है। उन्होंने कहा कि इस्लाम ने हमेशा प्यार-मुहब्बत और भाई चारे का पैगाम दिया है। उन्होंने लोगों से मजलूम का साथ देने और जालिम का खुलकर विरोध करने का आह्वान किया। मजलिस के बाद अन्जुमन गुन्चये पंजेतानी के तत्वावधान में शुरू हुआ जुलूस परम्परागत रास्तों से होकर पूर्व चेयरमैन मरहूम खुर्शीद आलम की कोठी के सामने पहुंचा, जहां मौलाना इकबाल हुसैन ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कर्बला का वाकया बयान किया, जिसे सुनकर माहोल गमगीन हो गया और सोगवारों ने या अली या हुसैन की सदाओं के बीच सीनाजनी करने के बाद जंजीरों व छुरियों से मातम कर खुद को लहुलुहान कर लिया। मुख्य बाजार व निर्धारित रास्तों से होकर जुलूस इमामबाड़ा पहुंचकर समाप्त हो गया। जुलूस में एहतेशाम जैदी एवं उनके हमनवाओं ने मर्सियाखानी कर शोहदाए कर्बला को खिराजे अकीदत पेश की। इस मौके पर नज़ीर हुसैन, सादिक, मुख्तारूल हसन, नौनिहाल मेहदी, जमल हैदर, शकील हैदर, जावेद, फज़ल ज़ैदी, हादी रजा, आहिल रजा, कासिम रजा, आरिफ रजा, सलीम ज़ैदी, मो. अली, सरकार मेहदी, जमाल हैदर, मुख्तारुल हसन, हैदर अब्बास, एजाज हैदर, सलमान अख्तर, सैयद अली जैदी, फिरोज हैदर, असद हैदर, मौ. आजम, मौ. मेहंदी, जिया जैदी मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस मौजूद रही। जुलूस के उपरांत देर रात तक सुन्नी समाज के लोगों ने अखाड़े निकाले।

## कोतवाली में भी निकला अलम का जुलूस

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** मोहर्रम की सातवीं तारीख (सातवें मोहर्रम) का जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होता हुआ देर शाम इमाबारगाह में संपन्न हुआ। जुलूस में नोहे व मरशिये पढ़े गए। ग्राम प्रधान समी कुरैशी व उनकी टीम ने जुलूस का स्वागत किया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा। दूसरी ओर शिया समुदाय के अन्य गांव समसपुर कोरा उर्फ खोडपुरा, करोन्दा पचदू पितनहेड़ी आदि में मजलिस व सीनाजनी तथा या हुसैन या हुसैन की सदाओं के साथ जुलूस निकाला। बरुकी रामपुर आदि गांवमे सुन्नी समुदाय के लोगों ने अखाड़े के साथ-साथ में मोहर्रम का जलूस निकाला। स्थानीय मोहल्ला सादात स्थित इमामबाड़ा से सातवे मोहर्रम का जुलूस प्रारंभ हुआ तथा अपने निर्धारित मार्ग से होता हुआ इमामबाड़ा पर देर शाम सपन्न हुआ। इमामबाड़े के प्रांगण में हुई मजलिस को शिया मस्जिद के इमाम ने खिताब करते हुए इमाम हुसैन की शहादत पर विस्तार से चर्चा की।



# स्योहारा शुगर मिल के स्टोर मैनेजर की संदिग्ध मौत से हड़कम्प

## आवास पर मृत अवस्था में मिले

**स्योहारा ( चिंगारी )।** आज संदिग्ध परिस्थितियों में शुगर मिल के स्टोर मैनेजर की मौत हो गयी। जब आफिस नहीं पहुंचे तो आवास पर देखा, जहां वह मृत अवस्था में मिले। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

केन मैनेजर प्रमोद कुमार ने बताया कि विवेक शंकर सिंह निवासी मुजफ्फरपुर बिहार स्योहारा शुगर मिल में स्टोर मैनेजर के पद पर नियुक्त थे, जिनका परिवार गाजियाबाद रह रहा है। वह अकेले शुगर मिल की भूड़ कालोनी स्थित आवास में रहते थे। सुबह जब आफिस नहीं पहुचे तो फोन किया गया। फोन रिसीव नहीं हुआ तो आफिस के कर्मियों ने आवास पर जाकर देखा पता चला कि कमरा अंदर से बंद है। जिसके बाद शुगर मिल के आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया न होने पर दरवाजे को तोड़ दिया गया, जिसके बाद देखा कि विवेकशंकर सिंह अपने बैड पर मृत पड़े हुए हैं। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की खबर सुनते ही शुगर मिल में हड़कंप मच गया। शुगर मिल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस फोरेंसिक जांच टीम का इंतजार कर रही है, पुलिस ने रूम को संरक्षित कर दिया।



मृतक का फाइल फोटो

### शुगर मिल परिवार में शोक

जैसे ही स्टोर मैनेजर की मृत्यु की खबर मिली तो शुगर मिल में शोक की लहर दौड़ गयी। अधिकारी, कर्मचारी आवास की ओर पहुंचने लगे, लेकिन पुलिस ने सभी को मैनेजर के रूम से बाहर ही रखा। अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह, एचआर विवेक कुमार श्रीवास्तव के साथ पहुंचे और थाना प्रभारी से वार्ता की। सुखबीर सिंह ने बताया कि वह कल आफिस से अपना कार्य पूर्ण कर आये थे। अचानक क्या हुआ, ये जांच में ही पता चल सकेगा। ऐसा लग रहा है जैसे हार्टअटैक आया हो।

## काली के मंदिर पर हुआ भण्डारा



**पैजनिया ( चिंगारी )।** पैजनिया के मोहल्ला देवीपुरा स्थित काली के मंदिर पर आठवें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंगलवार को हवन और आरती के उपरांत भंडारे का शुभारंभ हुआ और देर शाम तक भंडारे में आने वाले श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान राजवीर पाल, धर्मेश पाल, संजीव पाल, देशराज, जयपाल, भूरे, प्रियांशु शिवम आदर्श, जोगेंद्र पाल, सुनील पाल, डा. बाबूराम समेत मंदिर कमेटी के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंबेडकर द्वार का बैनर लगाने से दो पथों के लोग आमने-सामने आये

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा में भीमराव अंबेडकर द्वार के निर्माण का बैनर लगाने पर दो पंथ के लोगों में विवाद हो गया। पुलिस ने मामले का सज्ञान लेकर जानकारी की और शांति बनाए रखने की अपील की ।

खाईखेड़ा के कुछ ग्रामीणों एवं ग्राम प्रधान के द्वारा दो-तीन माह पूर्व जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी को दिए गये प्रार्थना-पत्र में कहा गया था कि खसरा नम्ब 55 श्रेणी 6-2 रकवा 0.1880 पर पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा डाक्टर भीमराव अम्बेडकर धर्मशाला के नाम पर जमीन को संरक्षित कर छोड़ा गया था। लेकिन गांव के रविदास पंथियों द्वारा संत रविदास की मूर्ति रखकर अवैध कब्जा कर लिया है, जिस पर प्रशासन जांच कर रहा था।




विवाद होने के बाद जानकारी करती पुलिस

सोमवार की शाम को कुछ लोगों द्वारा डाक्टर भीमराव अम्बेडकर द्वार का निर्माण का बैनर लगाया गया, जिसको लेकर गुरू के सिख पंथी लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। गुरू के सिख और रविदास पंथी आमने-सामने आ गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। गांव निवासी रवि कुमार का कहना है कि सरकारी भूमि पर नयी परम्परा शुरू कर अवैध कब्जा हो रहा है, जिसकी शिकायत लगातार कि जा रही है। बैनर लगाया गया, जो गलत है। सभी दूसरे पक्ष से वार्ता करनी चाही तो उनसे सम्पर्क नहीं हो पाया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार से विवाद की जानकारी की गयी तो उन्होंने बताया कि खाईखेड़ा में कोई विवाद नही हुआ है ।

## मोरों की हत्या का आरोप निराधार, माफी मांगे मेनका गांधी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को जैन समाज पर 15 लाख मोरों की हत्या का निराधार आरोप लगाने के लिए जैन समाज के साथ-साथ संपूर्ण देशवासियों से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगनी चाहिए। जैन धर्म अहिंसा को मानने वाला धर्म है, वह धर्म किसी की हत्या का कारण कैसे बन सकता है। जैन धर्म के चिंतक अनिल जैन ने उक्त आरोप पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि मेनका गांधी को अपने उस बयान के लिए देश के जैन समाज से माफ़ी मांगनी चाहिए, जिसमें उन्होंने जैन मुनियों की पिच्छी के लिए मोरों की हत्या का आरोप लगाया है, जबकि जैन धर्म प्राणी मात्र के साथ-साथ पेड़-पौधों में भी जीवन मानकर उनकी रक्षा करता है, जबकि पिच्छी मुनिराज जीव दया हेतु अपने पास रखते हैं। मुनिराज की पिच्छी मोरों द्वारा स्वयं से छोड़े गए पंखों द्वारा बनाई जाती है। मोर पंख सनातन धर्म के साथ-साथ मुस्लिम धर्म में भी पूजनीय माना जाता है।

# 7 मुहर्रम पर सिंघा में निकला अलम का जुलूस



**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम सिंघा में 7 मुहर्रम के अवसर पर अंजुमन-ए-हुसैनी, मोहल्ला सादात के द्वारा अलम मुबारक का जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना शबाहत अब्बास ने कहा कि 7 मुहर्रम 61 हिजरी को कर्बला में रसूल के परिवार वालों पर दुश्मनों द्वारा पानी बंद कर दिया गया था। इसी याद में आज जगह-जगह सबीलें लगाई जाती हैं। उन्होंने हज़रत इमाम हसन के पुत्र हज़रत क़ासिम की शहादत का भी उल्लेख किया और कर्बला के दर्दनाक वाक़ियात बयान किए, जिन्हें सुनकर अज़ादारों की आंखें नम हो गईं। जुलूस में अंजुमन-ए-हुसैनी के नौहाख़्वान मोहम्मद हसनैन (बबलू), अली रज़ा ज़ैदी, रियासत हुसैन, जमीर अब्बास और कमर हसनैन ने नौहे पढ़े। बड़ी संख्या में अज़ादारों ने जुलूस में शिरकत की। सभी श्रद्धालु काले लिबास में, नंगे सिर और नंगे पैर 'या हुसैन, या हुसैन' के नारे लगाते हुए तथा मातम करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जुलूस में अली हसनैन (गुड्डू) लियाक़त हुसैन, नसीम हैदर, प्रोफ़ेसर एजाज़ मेहदी ज़ैदी, अली कौसर, शराफ़त हुसैन, राजा ज़ैदी, शकील अब्बास, नज़र हसनैन, ज़ुल्फ़िकार हुसैन, इंजीनियर रियाज़ हैदर, शहज़ाद हुसैन ज़ैदी, मोहम्मद हुसैन ज़ैदी, पप्पू ज़ैदी, सरकार मेहंदी सहित अनेक लोगों ने भाग लिया। जुलूस बस्ती के निर्धारित मार्गों से होता हुआ कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ। सभी गांव वालों ने जुलूस का सम्मान किया और कुछ लोगों ने रास्ते में मातमदारों को पानी और शरबत भी पिलाया, इससे गांव वालों की एकता का भी पता चलता है। अंत में तबर्रुक वितरित किया गया।

**नंगे सिर, नंगे पैर मातम करते चले**

# डिजिटल रजिस्ट्री के विरोध में किया प्रदर्शन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** रजिस्ट्री को डिजिटल किये जाने के विरोध में अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों आदि ने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन करने वाले अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों ने चिंता एवं रोष जताते हुए कहा कि रजिस्ट्री को डिजिटल किये जाने बैनामा लेखकों, अधिवक्ताओ व स्टाम्प बैन्डरों का अत्यधिक नुकसान होगा तथा साथ ही बैनामा लिखने की प्रक्रिया भी पारदर्शित नहीं हो पाएगी तथा कार्य में लगे लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। प्रदर्शन करने वालों में बार के अध्यक्ष संदीप कुमार एड., महासचिव मनोज कुमार, तिलकराम एडवोकेट, वीरेन्द्र यादव, सोमपाल सिह एड., देवेन्द्र कुमार, विकास कुमार, जीशानुद्दीन एड., कृष्णपाल एड., गौतम कुमार, इन्तेजार जैदी एड., शैलेन्द्र सिंह एड़ राजवीर सिंह एड., शुजाअत अली अंसारी, शमीम अहमद, सीनियर दस्तावेज लेखक संघ चादपुर के अध्यक्ष नरेश कुमार अग्रवाल, रतन प्रकाश अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार, फरीदुदीन अन्सारी, शाहनवाज आलम, हरपाल सिंह, कुलदीप सिंह, रामकुमार शर्मा, महेन्द्र सिंह, ठाकुर योगश कुमार, दीपक कुमार गर्ग, मौ. फारूख अंसारी, निसार मेहदी जैदी, लोकेन्द्र सिंह, नरेश जावा, धर्मपाल सिंह, बलजीत सिंह, राजेन्द्र सिंह, उदयराज सिंह, वेदप्रकाश, नदीम शौकत आदि लोग शामिल रहे।



# क्या 'कालनेमियों' के चेहरे बेनकाब होंगे ?

**नज़रिया अपना-अपना**

**मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र जी के मंदिर में चढ़ावे और दान की चोरी तथा मंदिर निर्माण हेतु भूमि खरीदने में हुए घोटालों की ख़बरों ने रामभक्तों को झकझोर कर रख दिया है। लोग सवाल कर रहे हैं कि जिन्होंने श्रीराम को नहीं बख़्शा, वे आम इंसान को क्या बख़्शेंगे ! सवाल यह भी है कि चढ़ावा और चंदा चोरी करने वाले तथा राम मंदिर निर्माण के लिये खरीदी गई भूमि में घोटाले करने वाले भी तो खुद को बड़ा रामभक्त कहते होंगे, फिर असली रामभक्त की पहचान कैसे हो ?**

बेहद लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर बनाये जाने का रास्ता देश की सर्वोच्च अदालत ने साफ किया, तो करोड़ों-करोड़ सनातनियों ने जमकर जश्न मनाया। राम मंदिर में श्रीरामलला विराजमान हुए, तो उनके दर्शनों के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी। श्रद्धालुओं ने राम मंदिर में दिल खोलकर चढ़ावा चढ़ाया। मगर अब पता लग रहा है कि राम मंदिर में चढ़ाये गये तमाम आभूषण और नकदी को चोरी कर लिया गया है। खबरें हैं कि इससे पहले भी दान की चोरी की गई। राम मंदिर निर्माण के लिये जो भूमि खरीदी गई, उनमें भी खूब घोटाले हुए। भूमि खरीद में घोटाले के आरोप पहले भी लगे थे, मगर तब उन आरोपों को दबा दिया गया था। राम मंदिर चढ़ावा/दान चोरी मामलों की जांच के लिये सरकार ने एसआईटी का गठन किया है, मगर इस पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं कि बिना एफआईआर कैसे इस प्रकरण की जांच हो रही है। राम मंदिर में हुई चढ़ावे/दान की चोरी पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर वे कौन लोग हैं जिन्होंने प्रभु श्रीराम को भी नहीं बख़्शा। चढ़ावा चोरी करने वाले लोग किस विचारधारा के हैं? आखिर क्यों इस प्रकरण में एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। करोड़ों-करोड़ सनातनियों की आस्था के प्रतीक राम मंदिर में हुई दान/चढ़ावे की चोरी की जांच की जा रही है या जांच के नाम पर केवल लीपापोती की जा रही है। विधर्मी तो राम मंदिर में प्रवेश कर चढ़ावे/दान तक पहुंच नहीं सकते हैं, फिर चोरी करने वाले भी निश्चित तौर पर रामभक्त का भेष ही बनाकर रहते होंगे। लाख टके का सवाल है कि इन 'कालनेमियों' के चेहरे उजागर होंगे भी या नहीं। कहीं ऐसा न हो कि छोटे-मोटे लोगों को ही पकड़कर बलि का बकरा बना दिया जाये और बड़े 'मगरमच्छों' को बचा दिया जाये।



**– रुकन राजपूत**

# गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित न करना सरकार को महंगा पड़ेगा - शंकराचार्य

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का नूरपुर से गजरौला जाते समय चौ. चरण सिंह चौक पर बड़ी संख्या में लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुकेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि सरकार गौमाता को पशु कहकर हमारी आस्था को ठेस पहुंचा रही है। सरकार अपनी इस भूल में शीघ्र सुधार कर गौमाता को राष्ट्रीय सम्मान दे। उन्होंने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि सरकार गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने से बच रही है, जिसका खामियाजा उन्हें आगामी चुनाव में उठाना पड़ेगा। इस अवसर पर सपा विधायक रामौतार सैनी, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हनी फैसल, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी, डा. लाखन सिंह पाल, मोमिन खां, सरिता सैनी आदि मौजूद रहे।



# सीओ ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण

**चांदपुर ( चिंगारी )। क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक सिंह द्वारा आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत रखते हुए जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए, ताकि मोहर्रम पर्व सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके।**



# मातृ वंदना योजना के तहत शुरू किया विशेष अभियान

**नहटौर ( चिंगारी )।** बाल विकास परियोजना नहटौर के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को गति देने के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। 15 जून से शुरू हुआ यह अभियान आगामी 15 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत विकास खंड क्षेत्र के 227 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पात्र महिलाओं को चिन्हित करने के लिए सर्वे किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता का लाभ सीधे योग्य लाभार्थियों तक पहुंचाना है, जिसके लिए विभाग ने 1,000 लाभार्थियों को चिन्हित करने का लक्ष्य रखा है। सीडीपीओ हेमलता पाल ने बताया कि प्रथम गर्भवती महिला को 5,000 की अनुदान राशि दी जाएगी। द्वितीय गर्भवती महिला को (यदि दूसरी संतान बालिका यानी बेटी पैदा होती है) 6,000 की आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया है। क्षेत्र के 227 केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा युद्धस्तर पर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। 15 जुलाई तक लक्ष्य को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। सीडीपीओ हेमलता पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर ऐसी महिलाओं को चिन्हित कर रही हैं जो इस दायरे में आती हैं। इस अभियान के तहत कुल 1,000 लाभार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
मातृ शक्ति, राष्ट्र शक्ति

# उत्तराखंड में 29 जून तक बारिश का दौर, पहाड़ से मैदान तक बरसेंगे बादल

## हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में भी कई दिनों तक बारिश की संभावना ▶▶ मौसम विभाग का पूर्वानुमान जारी

**देहरादून ( चिंगारी )। उत्तराखंड में मानसून की गतिविधियां लगातार तेज होती जा रही हैं। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून द्वारा जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 24 जून से 29 जून तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहेगा। इस दौरान पर्वतीय जिलों के साथ-साथ मैदानी जनपद हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में भी कई दिनों तक वर्षा होने की संभावना जताई गई है।**



मौसम विभाग के अनुसार बुधवार 24 जून को राज्य के सभी जिलों में बारिश की संभावना है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, नैनीताल, देहरादून, टिहरी गढ़वाल और पिथौरागढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ गर्जन वाले बादल विकसित हो सकते हैं। अन्य जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है। 25 जून गुरुवार को भी मौसम का मिजाज लगभग ऐसा ही बना रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी, जबकि अन्य जिलों में छिटपुट बारिश दर्ज की जा सकती है। 26 जून शुक्रवार को बारिश मुख्य रूप से पर्वतीय जिलों तक सीमित रहेगी। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। हालांकि हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। 27 जून शनिवार को भी 11 पर्वतीय जिलों में बारिश जारी रहेगी। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं-कहीं मध्यम बारिश हो सकती है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में मौसम अपेक्षाकृत शुष्क रहेगा। 28 जून रविवार को बादलों का दायरा फिर बढ़ेगा और पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना है। पर्वतीय जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ कुछ स्थानों पर गर्जन की गतिविधियां भी देखने को मिल सकती हैं। वहीं मैदानी क्षेत्रों में भी हल्की बारिश होने का अनुमान है। 29 जून सोमवार को राज्यभर में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अन्य पर्वतीय जिलों में भी अच्छी वर्षा के आसार हैं, जबकि हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में हल्की बारिश दर्ज की जा सकती है।

# दिल्ली-लखनऊ अग्निकांड के बाद उत्तराखंड में फायर सेफ्टी पर सख्ती

## मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर प्रदेशभर में शुरू होगी व्यापक जांच ▶▶ अस्पतालों-मॉल और होटलों का होगा ऑडिट

**देहरादून ( चिंगारी )।** दिल्ली और लखनऊ में हाल ही में हुए भीषण अग्निकांडों के बाद उत्तराखंड सरकार भी फायर सेफ्टी को लेकर अलर्ट मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सभी अस्पतालों, कोचिंग सेंटरों, बड़े मॉल, होटलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक उपयोग वाले भवनों का व्यापक फायर सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनसुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन संस्थानों में अग्निशमन संबंधी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं, उन्हें तत्काल चिन्हित किया जाए और



आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ऑडिट के दौरान फायर सेफ्टी उपकरणों की कार्यशीलता, आपातकालीन निकास मार्ग, विद्युत सुरक्षा व्यवस्थाएं तथा आपदा की स्थिति में त्वरित निकासी की तैयारियों का विशेष रूप से परीक्षण किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने अग्निशमन विभाग, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर समयबद्ध ढंग से ऑडिट प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित निगरानी और प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# कोलकाता के व्यापारी का फोन छीनकर फरार

**किरतपुर ( चिंगारी )। फोन पर बात करते हुए पैदल घूम रहे कोलकाता के व्यापारी से बाइक पर सवार दो युवक मोबाइल छीनकर फरार हो गए। 'चिंगारी' को मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय मोहल्ला चौहानान निवासी व्यापारी अभिषेक दुआ का कोलकाता के व्यापारी अब्दुल बासित से व्यापारिक लेन-देन है। बासित किरतपुर में व्यापार के सिलसिले में आया हुये है, तो व्यापारी ने उन्हें अग्रवाल धर्मशाला में रहने के लिए कमरा दिला दिया। परसों रात्रि 10 बजे बासित फोन पर बात करते हुए जैसे ही साहिल अस्पताल के पास आये, तभी पीछे से एक बाइक आई जिस पर दो युवक सवार थे, झपट्टा मारकर मोबाइल छीन कर ले गए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे चैक रही है और शीघ्र ही घटना खोलने का दावा किया है।**

# आखिरी बड़े मंगल पर बांटा कढ़ी-चावल का प्रसाद



**किरतपुर ( चिंगारी )।** ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल के पावन अवसर पर हनुमान धाम में युवा कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी-चावल के प्रसाद का वितरण किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ रही और श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। युवा कमेटी के सदस्यों ने श्रद्धाभाव के साथ प्रसाद वितरण की व्यवस्था संभाली। इस आयोजन में प्रियांशु पाल, अंकित पाल, आदर्श पाल, पवन पाल, अनिल पाल, अरुण पाल, आकाश कश्यप, सुमित कश्यप सहित अन्य युवाओं का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा श्री निर्लेश्वर महादेव मंदिर पर भी बड़े मंगल के अवसर पर रात्रि में 7 बजे से भजन कीर्तन हुआ। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

# लैंड फ्रॉड कर करोड़ों रुपये हड़पने वाला गैंगस्टर गिरफ्तार

**देहरादून ( चिंगारी )।** राजपुर थाना पुलिस ने जमीन की फर्जी रजिस्ट्री और करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे गैंगस्टर आरोपी विशाल कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर


## यूपी-उत्तराखंड में दो दर्जन मुकदमे दर्ज

उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर एक्ट समेत करीब दो दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। पुलिस के अनुसार, 22 जून 2025 को लक्ष्मण चौक निवासी कमल जिंदल ने थाना राजपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि विशाल कुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर



राजपुर रोड स्थित एक भूमि को बेचने का झांसा दिया। आरोपी ने संपत्ति की रजिस्ट्री कराने के नाम पर विभिन्न माध्यमों से उनसे 6 करोड़ 75 लाख रुपये ले लिए, लेकिन न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई और न ही रकम वापस लौटाई। जांच के दौरान पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि आरोपी के खिलाफ पहले से एक बुजुर्ग एनआरआई महिला ने भी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस जांच में सामने आया कि विशाल कुमार उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में धोखाधड़ी, जालसाजी और गैंगस्टर एक्ट सहित करीब 24 मामलों में आरोपी है तथा कई मामलों में फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के मुकदमों के अलावा आर्म्स एक्ट के तहत भी नया मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों और धोखाधड़ी के नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

# अनिल सिंह की बेटियों ने किया नाम रोशन



## छोटी बेटी श्रुति बनी डॉक्टर

**म्हारी छोरियां क्या छोरों से कम हैं**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जब बेटियां अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर सफलता के नये आयाम स्थापित करती हैं, तब मात्र परिवार ही नहीं, बल्कि पूरा समाज गौरवान्वित होता है। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी व चौरासी घंटा मंदिर प्रबंध समिति के प्रमुख सदस्य अनिल कुमार सिंह (मावे वाले) एवं श्रीमती छाया सिंह की तीसरी सबसे छोटी पुत्री श्रुति सिंह ने सरकारी में मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस उत्तीर्ण कर डॉक्टर की उपाधि प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया है। बिटिया की शानदार उपलब्धि से अनिल सिंह के शंभूदयाल बिल्डिंग स्थित निवास पर जश्न का माहौल है। सर्वश्री अरविंद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल बेसन वाले, देवेश अग्रवाल, शिवकुमार गुप्ता, कुलदीप मावे वाले, अशोक शर्मा (शर्मा क्लाथ), ललित अग्रवाल आदि ने निवास पर पहुंचकर अनिल सिंह को बधाई व श्रुति के उज्जवल भविष्य की कामना की। श्रुति ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व परिजनों को दिया है। मालूम हो कि अनिल सिंह के तीन बेटियां हैं, उन्होंने बेटों की तरह खूब पढ़ाया-लिखाया व अवसर दिये। तीनों बेटियों ने भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने माता-पिता को कभी निराश नहीं किया। बड़ी बेटी दीखा सिंह पीडब्लूडी बिहार में एसडीओ पद पर कार्यरत है, मंझली पुत्री शिक्षा सिंह आईआईटी रूड़की से पीएचडी कर रही है। अनिल सिंह बेटियों की शानदार उपलब्धि से गदगद होकर कहते हैं कि हमारी बेटियां हमारा स्वाभिमान है, हमारा गर्व है। चिंगारी परिवार भी श्रुति, दीक्षा व शिक्षा के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# 31 लोगों ने किया रक्तदान

**नगीना ( चिंगारी )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में लगे एक दिवसीय रक्तदान शिविर में 31 लोगों ने रक्तदान किया। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगे स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विशाल दिवाकर ने किया। ब्लड बैंक पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला संयुक्त चिकित्सालय बिजनौर की टीम के डॉ. सुमित कुमार राव, एलटी नीरज कुमार, मुकेश देवी, विमल कुमार, नरेश नरवाल, चंद्रपाल सैनी, धीरज सैनी व एलटी पीयूष कुमार आदि की देखरेख में रक्तदान शिविर का कार्य संपन्न हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विशाल दिवाकर ने रक्तदान करने वाले लोगों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, प्रमोद चौहान, किसान नेता कुंवर हर्षवर्धन सिंह, शिव शंकर सक्सेना, दिलीप कुमार उर्फ पिंटू, जॉनी सैनी आदि मौजूद रहे।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रक्तदान करने वाले लोगों को प्रमाण-पत्र देते स्वास्थ्य अधिकारी।






# मोहर्रम पर आन-बान-शान के साथ उठा गिंदौड़ा पहलवान का अखाड़ा

बिजनौर (चिंगारी)। मोहर्रम पर बीती रात मोहल्ला चाहशीरी बी-21 से आन-बान-शान के साथ अखाड़ा उठा। यह अखाड़ा गिंदौड़ा पहलवान के अखाड़े के नाम से मशहूर है। अखाड़ा रात करीब डेढ़ बजे चाहशीरी जमा मस्जिद पहुंचकर संपन्न हुआ। अखाड़े के उस्ताद जुल्फिकार बेग उर्फ बेबी ने थाना कोतवाली शहर बिजनौर पुलिस को पत्र देकर मोहर्रम कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी दी थी। उन्होंने पत्र में बताया था कि स्व. गिंदौड़ा पहलवान के नाम से प्रसिद्ध अखाड़ा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम पर 23, 25 और 26 जून 2026 को निकाला जाएगा। मोहर्रम की 7वीं तारीख 23 जून को शाम 6 बजे अखाड़ा अपने निर्धारित मार्गो से होते हुए मेरठ चुंगी, मिर्दगान क्षेत्र और चाहशीरी जामा मस्जिद तक पहुंचेगा। यहां लगभग दो घंटे रुकने के बाद अखाड़ा वापस अपने स्थान पर लौट जाएगा। पुलिस ने कहा था कि अखाड़े के दौरान किसी भी चीज़ की ऊंचाई 12 फुट से अधिक न हो। अखाड़े के दौरान अलगडे की ऊंचाई 12 फुट से कम ही रखी गई। जुल्फुकार बेग उर्फ़ बेबी ने बताया कि मोहर्रम की 9वीं तारीख 25 जून को अखाड़ा रात करीब 12 बजे घंटाघर पहुंचेगा, जहां पूरी रात ठहराव रहेगा। इसके बाद 26 जून की सुबह 8 बजे जुलूस निर्धारित मार्गों से वापस लौटेगा। मोहर्रम की 10वीं तारीख 26 जून को भी अखाड़ा रात्रि में घंटाघर पहुंचेगा और पूरी रात वहीं रुकेगा। अगले दिन 27 जून की सुबह 8 बजे अखाड़ा अपने निर्धारित मार्ग से वापस अपने गंतव्य की ओर रवाना होगा।






## चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने 250 केवी का दूसरा ट्रांसफार्मर लगवाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने पठानपुरा में बिजली की समस्या को देखते हुए एक और 250 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाया है। नगर के मौहल्ला पठानपुरा की नईबस्ती चारबाग, जब्तागंज में कई दिनों से लाइट की समस्या बनी हुई थी। जिस कारण बिजली आपूर्ति सही न होने के कारण लोग काफी परेशान थे। इसे देखते हुए चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने बिजली विभाग से वहां एक और 250 केवी का नया ट्रांसफार्म मक्का मस्जिद कुरैशियान कब्रिस्तान के पास लगवा दिया है। जिससे अब लोगों को लाइट की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। बिजली आपूर्ति की समस्या दूर होने तक यह यह ट्रांसफार्मर अस्थाई रूप से लगाया गया है। जिस पर मौहल्ले के लोगों ने खुशी जताते हुए चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म का शुक्रिया अदा किया है।

# कोटद्वार पुलिस ने पकड़ा 'पिल्ला गैंग'





## नकबजनी की दो घटनाओं का खुलासा

**कोटद्वार (चिंगारी)।** पुलिस ने हरसिंहपुर बालासौड़ और जल निगम कॉलोनी में हुई दो अलग-अलग नकबजनी की घटनाओं का खुलासा करते हुए कुख्यात पिल्ला गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार करने सहित मामले में संलिप्त दो विधि-विवादित किशोरों को अपने संरक्षण में लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सेलेक्स घड़ी, लाखों रुपये कीमत का चोरी का सामान भी बरामद किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी ने बताया कि हरसिंहपुर बालासौड़ निवासी प्रदीप कुकरेती ने पुलिस को तहरीर दी थी कि वह 3 जून 2026 से घर से बाहर थे। वापस लौटने पर घर के दरवाजे खुले मिले और अंदर रखा घरेलू सामान चोरी हो चुका था। इस संबंध में कोतवाली कोटद्वार में पहला मुकदमा दर्ज किया गया, वहीं इसके बाद जल निगम कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में भी अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। अधिशासी अभियंता अजय बेलवाल की तहरीर पर दूसरा मुकदमा दर्ज किया गया था। घटनाओं के खुलासे के लिए एसएसपी सर्वेश पंवार के निर्देश पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। एक टीम को सीसीटीवी फुटेज खंगालने और दूसरी टीम को सर्विलांस पर लगाया गया। पुलिस ने करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें कुछ संदिग्ध युवकों की गतिविधियां सामने आईं। पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र की सूचनाओं के आधार पर और लगातार प्रयास करने के बाद मामले में पिल्ला गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपियों की पहचान प्रमिन्द्र उर्फ पप्पी, निवासी कोड़िया, कोटद्वार, अमन कुमार, निवासी सूर्या नगर, कोटद्वार, सुरेन्द्र उर्फ सनम, निवासी सजवाण कॉलोनी, कोटद्वार तथा तस्लीम अहमद उर्फ काला, निवासी जाफ्तागंज, नजीबाबाद, (बिजनौर) उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने मामले में संलिप्त दो विधि-विवादित किशोरों को भी संरक्षण में ले लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक मेहराजुद्दीन, वेद प्रकाश, चौकी प्रभारी बाजार विनोद चपराना, हेड कांस्टेबल करण कुमार, कांस्टेबल कुलदीप कुमार, आशीष बिष्ट, चन्द्रपाल तथा होमगार्ड कुलदीप की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सिद्ध कुटी पर आज फिर लगा मेला



**चिड़ियापुर (चिंगारी)।** हरिद्वार के गैंडी खाता पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत गंगा किनारे स्थित सिद्ध पीठ आश्रम सिद्धकुटी पर इस साल पुरुषोत्तम माह/अधिक माह पड़ने की वजह से 2 ज्येष्ठ माह के चलते पिछले 25 मई को आश्रम पर विशाल मेला लगा था, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर मेले में दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया था। वहीं असमंजस की स्थिति में कुछ श्रद्धालु वंचित रह गये थे। सनातन पंचांग के हिसाब से इस साल अधिक ज्येष्ठ चल रहा है। कई श्रद्धालु कन्फ्यूज हो गए कि मेला निम्न ज्येष्ठ में लगेगा या अधिक ज्येष्ठ में। असमंजस दूर होते ही आज मेले में श्रद्धालुओं ने गंगा में श्रद्धापूर्वक स्नान किया और सिद्ध पीठ पर प्रसाद चढ़ाकर मनोकामनाएं मांगीं। बुजुर्ग श्रद्धालुओं राम सिंह, धर्मवीर सिंह आदि का कहना है अधिक मास में गंगा स्नान और सिद्ध पीठ के दर्शन का फल 10 गुना मिलता है। आश्रम पर चल रहे मेले में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए अनूठी मिसाल देखने को मिल रही है। पिछले दो दिन से आश्रम पर लगातार मेरठ से आए लाला जी एवं अन्य भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। गंगा स्नान के बाद थके-हारे श्रद्धालु जब आश्रम पहुंचते हैं तो उन्हें गर्म-गर्म भोजन परोसा जा रहा है। सिद्ध कुटी सिद्ध पीठ के सेवादार कन्हैया दास का कहना है। श्रद्धालु भक्तों द्वारा पहुंचकर सिद्ध पीठ पर प्रसाद चढ़ा कर माथा टेकने का सिलसिला लगातार जारी है।

# चार नये कूड़ा निस्तारण केन्द्र बनाने की मांग

## पार्षदों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए पार्षदों और स्थानीय लोगों ने चार नए कूड़ा निस्तारण केंद्र स्थापित किए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में पार्षदों और स्थानीय लोगों ने उपजिलाधिकारी संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद से नगर निगम बनने के बाद कोटद्वार का क्षेत्रफल और जनसंख्या दोनों में वृद्धि हुई है। वर्तमान में नगर निगम क्षेत्र में 40 वार्ड शामिल हैं और लगातार शहरी विस्तार हो रहा है। इसके चलते प्रतिदिन निकलने वाले ठोस अपशिष्ट की मात्रा भी बढ़ रही है। पार्षदों ने बताया कि वार्ड संख्या-10 स्थित कूड़ा निस्तारण केंद्र लंबे समय से पूरे नगर क्षेत्र की जरूरत पूरी कर रहा है लेकिन बढ़ती आबादी और विस्तृत क्षेत्र को देखते हुए अब केवल एक केंद्र पर्याप्त नहीं है। इसलिए नगर निगम क्षेत्र में शामिल पूर्व की चार न्याय पंचायतों के आधार पर प्रत्येक क्षेत्र में एक-एक नया कूड़ा निस्तारण केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद विपिन डोबरियाल, हिमांशु वर्मा, दीपक शाह, अतुल रावत, मनोहर नेगी, राम सिंह रावत, विनोद सिंह, अजय रावत और रामस्वरूप सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# स्नातक कक्षाओं में प्रवेश की तिथि बढ़ी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** राजकीय महाविद्यालय भाबर में नवीन सत्र में बीए, बीएससी व बीकाम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश की तिथि 30 जून तक विस्तारित की गई है। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं समर्थ पोर्टल पर अंतिम तिथि तक पंजीकरण करा सकते हैं, वहीं महाविद्यालय में फार्म जमा करने व प्रवेश की अंतिम तिथि 6 जुलाई रखी गई है। यह जानकारी महाविद्यालय कार्यालय से जारी प्रैस विज्ञप्ति में दी गई है।

# डीएम ने 14 विभागों के भूमिगत कार्यों की समीक्षा की



## उच्च प्राथमिकता वाले कार्य रात्रि में कराये जाये

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** जिले में विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ आम जनता की सुविधाओं को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सोमवार को जनपद स्तरीय परियोजना समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के भूमिगत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पेयजल निगम, जल संस्थान, विद्युत, गेल, वोडाफोन, टाटा कम्युनिकेशन, केएफडब्ल्यू, पीएसयू समेत 14 विभागों के प्रस्तावों पर विचार करते हुए उच्च प्राथमिकता वाले कुछ कार्यों को रात्रि 10 बजे से प्रात: 5 बजे तक सशर्त अनुमति प्रदान की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में कार्य किया जाना है, वहां पूर्व सूचना देकर पर्याप्त मशीनरी एवं मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण किया जाए। मानसून को देखते हुए जिन स्थानों पर सड़क सतह का सुधारीकरण हो चुका है, वहां किसी भी प्रकार की खुदाई या रोड कटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने निर्माणदायी संस्थाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि अनुमति मिलने के बावजूद समय पर कार्य पूर्ण न करने वाली एजेंसियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आरसी काटी जाएगी तथा भारी आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की विफलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता ओमपाल सिंह, पिटकुल के अधीक्षण अभियंता विक्रम गौतम, गेल के महाप्रबंधक अम्बुज गौतम, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता आशीष भट्ट, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार, एडीबी के अधिशासी अभियंता अरुण कांत, यूयूएसडीए के अधिशासी अभियंता जतिन सिंह, एनएफएस डिफेंस ऑफिसर एल.एस. तोमर, विजेन्द्र तोमर सहित विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानकों से समझौता नहीं, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**जिलाधिकारी ने दो टूक कहा कि अनुमति से अधिक रोड कटिंग, खुदाई अधूरी छोड़ने अथवा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाली एजेंसियों के विरुद्ध प्रशासन जब्ती और मुकदमा दर्ज करने जैसी कठोर कार्रवाई करेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि रात्रि में की गई खुदाई के गड्ढों को सुबह तक भरना अनिवार्य होगा। साथ ही कार्यस्थलों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक एवं साइनबोर्ड लगाए जाएं, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# पेड़ से लटका मिला कलवा का शव

## बीमारी से तंग आकर उठाया आत्मघाती कदम



मृतक का फाइल फोटो।

नहटौर (चिंगारी)। समीपवर्ती ग्राम बेगराजपुर में एक व्यक्ति ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि उसने यह आत्मघाती कदम बीमारी से तंग आकर उठाया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार बेगराजपुर निवासी कलवा सिंह 55 वर्ष काफी समय से बीमारी से परेशान था। मंगलवार की सायं परिजनों को बिना कुछ बताए वह घर से कहीं चला गया था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। कलवा का शव रघुनाथपुर के जंगल में पेड़ से लटका मिला। सूचना पर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी धामपुर अंजनी कुमार चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

# ई-रजिस्ट्री के विरोध में तालाबंदी व हड़ताल जारी

धामपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फ्रंटलाइन ई रजिस्ट्री निजीकरण के विरोध में उप निबंधक कार्यालय धामपुर पर बार एसोसिएशन धामपुर द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन तालाबंदी और हड़ताल आज 12वें दिन भी जारी रही। इससे पूर्व मंगलवार को लखनऊ के अलीगंज इलाके में स्थित कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड की घटना में 15 छात्रों की दर्दनाक मौत होने पर आयोजित शोक सभा में 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओ की शांति की प्रार्थना की गई। तालाबंदी और हड़ताल में बार एसोसिएशन के विनोद सैनी (अध्यक्ष), गोपाल सिंह (दस्तावेज लेखक अध्यक्ष), देवेन्द्र कुमार (सचिव), सूरज राज यादव (सचिव दस्तावेज लेखन), अजय कुमार (स्टाम्प वेंडर), राजेन्द्र यादव (राइटिंग), नसीम यादव (जिला उपाध्यक्ष दस्तावेज लेखन), नतिन कुमार, सल्तान अली, राजपाल सिंह (पूर्व अध्यक्ष), सतेन्द्र कुमार, शिव कुमार लेखक बोरेश कुमार, रानी यादव, लेखक सत्यप्रकाश यादव मुंशी, राजेश कुमार, मुंशी नसीम अहमद अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# कोचिंग सेंटरों की चैकिंग की

नजीबाबाद (चिंगारी)। बिजनौर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर लखनऊ में कोचिंग सेंटर पर अग्निकांड की घटना को देखते हुए नजीबाबाद में फायर स्टेशन के अंतर्गत कोचिंग सेंटर ट्रेनिंग सेंटर में अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद एवं अपराध निरीक्षक कोतवाली नजीबाबाद ने क्षेत्र के नाइस कोचिंग सेंटर सुरेश विहार कॉलोनी कोतवाली रोड, नाइस लाइब्रेरी सोबती मार्केट, अमेरिकन इंस्टीट्यूट सोबती मार्केट, एमसीआईटी कंप्यूटर सेंटर सोबती मार्केट, आदि लाइब्रेरी सोबती मार्केट, लाइब्रेरी सुरेश विहार कॉलोनी की चैकिंग कर वहां पढ़ने वाले छात्रा-छात्राओं की संख्या व सुरक्षा के इंतजामों के बारे में जानकारी ली गई। सभी को जागरुक करते हुए 212 विद्यार्थियों को मॉक ड्रिल कराई कराई गई।



# ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**नांगल सोती (चिंगारी)।** आज पूर्वाहन 10.20 बजे चंदक स्टेशन मास्टर मयंक ने नांगल पुलिस को सूचना दी कि सहारनपुर से मुरादाबाद की ओर जा रही ट्रेन से टकराकर सुबह लगभग 9.40 बजे कामेन्द्र (44 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी ग्राम जाफरपुर थाना मंडावर (बिजनौर) गंभीर रूप से घायल हो गया है। उक्त घटना चंदक रेलवे स्टेशन से लगभग 500 मीटर की दूरी पर ग्राम पूंडरी कलां के जंगल में घटी। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो घायल व्यक्ति की सांसें चल रही थीं। घायल को फौरन एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल बिजनौर भिजवाया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था, जिसके कारण वह काफी दिनों से मानसिक तनाव से ग्रस्त था। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।


MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
We Are Hiring
ENGLISH CONVERSATION
HINDI PGT
PRT
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED)
बिजनौर से कोतवाली देहात स्टाफ को लाने व ले जाने हेतु कुशल ड्राइवर (HEAVY DL) की आवश्यकता है
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800019,9634289199,8958800042

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

आवश्यकता है
हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।
कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो- 8077377404

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर